हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका आज जिले के प्रवास में



दुर्ग। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका 29 जनवरी 2026 को अंजोरा प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका 29 जनवरी को सुबह 10.15 बजे लोकभवन रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे अंजोरा पहुंचेंगे। वे यहां पर वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। राज्यपाल दोपहर 2.45 बजे सड़क मार्ग द्वारा लोक भवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आज नहीं मिलेगा पानी

**भिलाई।** 29 जनवरी को सुपेला पाइप लाइन वर्क होने के कारण पूरे दिन भर 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट बंद था। संधारण कार्य के कारण कल सुबह चंद्रा मोर्या, मदर टेरेसा, हाउसिंग बोर्ड,वैशाली नगर, छावनी, गौतम नगर, खुर्सीपार में आंशिक रूप से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। 29 जनवरी शाम तक सभी जलागार में जलप्रदाय किया जाएगा।

### व्यापमं 1 फरवरी को लेकर शिक्षक पात्रता परीक्षा




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जा रहा है। प्रथम पाली (प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 12,096 तथा द्वितीय पाली (माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 26,171 अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापम के जिला नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी किए गये निर्देशों का पालन हेतु परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फिस्किंग (फ्रीस्किंग) एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। फुटविर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

### धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** लोगों को धारदार हथियार लेकर डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चन्द्रा मौर्या अण्डर ब्रिज के पास युवक अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वालों को धमकाकर डराने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शांति नगर निवासी प्रमोद टण्डन को पकड़ा गया। आरोपी के हाथ से धारदार हथियार भी जब्त किया गया।

---

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से आया फैसला**

# पारिवारिक झगड़े के कारण पत्नी को जिंदा जलाया, आरोपी को आजीवन कारावास

**पूर्व पत्नी का पक्ष लेने को लेकर अक्सर हुआ करता था विवाद, यही हत्या की मुख्य वजह बनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पारिवारिक झगड़े के कारण पत्नी को जिंदा जलाने के मामले में आरोपी पति घांसू उर्फ झांसू राम को न्यायालय ने आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 15 जनवरी 2012 की है। रात करीब साढ़े 9 बजे नेवई थाना अंतर्गत मिनीमाता पारा में घांसू का अपनी पत्नी ममता से विवाद हो गया। विवाद की मुख्य वजह से घांसू की पूर्व पत्नी सुमन का पक्ष लेना बताया गया। इस दौरान आरोपी ने ममता पर मिट्टी का तेल छिड़क दिया। इस दौरान ममता ने माचिस जला दी। इस बीच आरोपी ने और भी मिट्टी तेल छिड़क दिया। बुरी तरह झुलसी ममता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 22 जनवरी 2012 को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया।



---

# महिला से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले को 3 साल की कैद

- नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पिटौरा में 2018 में घटी थी घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पिटौरा में घर के बाहर बर्तन साफ कर रही महिला से छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर हाथ-मुक्कों से मारपीट कर घायल करने वाले को न्यायालय से 3 साल के कैद की सजा सुनाई। साथ ही 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 10 फरवरी 2018 की रात करीब साढ़े 9 बजे की है। महिला घर के बार बोरिंग के पास बर्तन धो रही थी। तभी आरोपी परदेशी यादव वहां आया। उसने छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। मामले में महिला ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने धारा 354, 325 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। कोर्ट ने आरोपी को धारा 354 में 3 साल की सजा सुनाई।

साथ ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 325 में भी इसी प्रकार की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ चलेंगे। मामले में शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक लक्ष्मी साहू ने की।

---

**31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन**

# जिले के 12 हजार 900 किसानों से चार दिन में खरीदी करना है 1.06 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

धान खरीदी केवल चार दिन शेष है। इन चार दिनों में जिले के 12 हजार 900 किसानों का धान खरीदी उपार्जन केंद्रों में होना है। जिस हिसाब से धान खरीदी चल रही है उस हिसाब से पूरे किसानों की उपज खरीदी हो पाएगी यह संशय है। हालांकि प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है कि कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न रह पाए। खास बात यह है कि दुर्ग जिले में 31जनवरी तक 616435 मिट्रिक टन धान खरीदी करने का टारगेट है लेकिन बुधवार यानी 28 जनवरी तक 510341 मिट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। इस हिसाब से प्रशासन को 106094 मिट्रिक टन धान खरीदी करना है।




फाइल फोटो

### किसानों को 1,06,651.63 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान

जिले में 5,10,341 मिट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में किसानों को 1,06,651.63 लाख रुपए भुगतान किया जा चुका है। धान बेचने के बाद त्वरित भुगतान का किसानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार की व्यवस्था से प्रभावित होकर किसान अपनी उपज बेचने टोकन प्राप्त निर्धारित तिथि अनुसार पहुंच रहे हैं। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 100705 किसान लाभान्वित हुए हैं।

### पिछले साल की तुलना में पीछे

जिले में धान खरीदी 87 सहकारी समिति के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में हो रही है। इन केंद्रों में धान बेचने के लिए 113623 किसानों ने पंजीयन करवाया है। अब तक 100705 किसानों ने धान बेचा है। पिछले साल इस तारीख तक 89.79 प्रतिशत धान खरीदी की जा चुकी है। इस बार धान खरीदी 82.79 प्रतिशत ही धान खरीदी की जा सकी है। इस तरह धान खरीदी में वर्ष 2025 से पीछे चल रहे हैं।

### 87 केंद्रों में बफर लिमिट पार

जिले के 87 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जमकर की गई है लेकिन उठाव उस हिसाब से नहीं हो पा रहा है। नतीजा 87 उपार्जन केंद्र में धान बफर लिमिट से पार हो गई है। इन केंद्रों में मुख्य रूप से कुर्मीगुंडरा उपार्जन केंद्र है। इस केंद्र 50729 क्विंटल धान का स्टॉक जमा हो गया है। केसरा उपार्जन केंद्र में 60735 क्विंटल धान जमा है। फूडा उपार्जन केंद्र में 60035 क्विटल धान और औंधी उपार्जन केंद्र में 46434 क्विंटल धान जाम है। कोड़िया उपार्जन केंद्र में 45598 क्विंटल धान का उठाव नहीं हो पाया है। जामगांव आर उपार्जन केंद्र में 45335 क्विंटल धान पड़ा है। झीट उपार्जन केंद्र में 46551 क्विंटल धान जमा है।

### 61219 किसानों ने किया रकबा समर्पण

सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था में किसान भी सहभागी बनते हुए धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 61219 कृषकों ने 2,880.49 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 14,67,750 बारदाने उपलब्ध है।

**धान खरीदी में अनियमितता का मामला**

### कलेक्टर ने किया सहकारिता विस्तार अधिकारी को निलंबित

**भिलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के अंतर्गत प्रजय सोनी सहकारिता विस्तार अधिकारी धमधा कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में सोनी का मुख्यालय कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री सोनी को नियमानुसार जीवन निर्वह भत्ता देय होगा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित ठेंगाभांट पंजीयन क्रमांक 613 के उपार्जन केन्द्र ठेंगाभांट में धान खरीदी के दौरान अनियमितता की जांच तहसीलदार धमधा द्वारा किया गया। जांच प्रतिवेदन अनुसार सोनी सहकारिता विस्तार अधिकारी धमधा के द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्य समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन विपणन वर्ष 2025-26 उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण का कार्य संपादित किया जाना था। सेवा सहकारी समिति मर्यादित ठेंगाभांट पंजीयन क्रमांक 613 उपार्जन केन्द्र ठेंगाभांट के जांच में 682 बैग अनाधिकृत रूप से भंडारित पाया गया।

### उठाव के लिए डीओ व टीओ जारी

जिला विपणन समिति के मुताबिक उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव हेतु 2,94,997.14 मिट्रिक टन धान का डीओ/टीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,83,531.42 मिट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। डीओ 240735 मिट्रिक टन का और टीओ 54262 मिट्रिक टन का जारी किया गया है। खरीदी की तुलना में 36% धान का कुल उठाव हो पाया है। उपार्जन केंद्रों में 326810.30 मिट्रिक टन धान का उठाव होना बाकी है।

---

**सड़क हादसा**

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बीआईटी के छात्र की मौत



फ्लाईओवर ब्रिज पावर हाउस के पास हुआ हादसा। (इनसेट में मृतक)।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बीआईटी छात्र की मौत हो गई। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। छावनी पुलिस ने बताया कि दीनदयाल कालोनी सैदा सकरी जिला बिलासपुर निवासी शुभांक वैष्णव 20 वर्ष बीटेक की पढ़ाई बीआईटी दुर्ग में कर रहा था।

अपनी स्कूटी सीजी 017 एजेड 7175 से रायपुर अपने दोस्त की दीदी को छोड़कर दुर्ग लौट रहा था। इस दौरान 27 जनवरी की रात पावर हाउस फ्लाई ओवरब्रिज में पीछे से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार छात्र को चपेट में लिया। टक्कर इतना जोरदार था कि शुभांक सड़क पर गिर पड़ा और अज्ञात वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। मौके पर ही छात्र शुभांक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन की रफ्तार और कर लिया था। खबर लगते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजकर परिजनों को जानकारी दी।

- छावनी पुलिस कर रही जांच, दोस्त की बहन को रायपुर छोड़कर लौट रहा था युवक

मृतक के पिता होनवार वैष्णव मेढपार बाजार शासकीय स्कूल कुरेली में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। परिजनों के शिकायत के बाद अज्ञात वाहन चालक को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। वाहन और उसके चालक का इससे शिनाख्त हो पाएगा। पुलिस संभावित मार्गों पर भी जांच कर जानकारी जुटा रही है।

---

# सूदखोर के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सूदखोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि न्यू सुंदर नगर सडक 4 बोरसी दुर्ग निवासी लक्ष्मी नारायण साहू ब्याज में हरिश पारख से 1.60 लाख रुपए लिया था। जिसका ब्याज दस प्रतिशत लगाया था। आरोपी को 2 लाख 20 हजार रुपए अब तक पीड़ित लौटा चुका है। बावजूद हरिश द्वारा एसबीआई शाखा का खाली 11 चेक में हस्ताक्षर कराकर अपने पास रखा है। पैसा नही देने पर घर में आकर गाली गलौज करता है। धमकी भी देता है कि रकम नहीं दोने पर चेक में रकम बढाकर न्यायालय की शरण जाकर लेगा। परेशान पीड़ित लिखित में पदमनाभपुर पुलिस से शिकायत किया। पुलिस ने जांच करने के बाद आरोपी एच.आई. जी 1/79 न्यू बोरसी दुर्ग हरिश पारख के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को बताया कि स्वस्थ खराब होने पर हरीश पारख से रकम ब्याज में लिया था। जिसका अभी तक 10 प्रतिशत ब्याज वसुल रहा है। पत्नी और अपने बच्चो के मोबाइल फोने के माध्यम से रूपये 1 लाख रुपए और नकदी रकम ले चुका है। अब तक कुल हरिश को 3 लाख 20 हजार पीड़ित दे चुका है।

## वृद्ध महिला के साथ चेन स्नेचिंग, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रही महिला के साथ चेनस्नेचिंग हो गया। अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि इंद्रा नगर भिलाई तीन निवासी 23 जनवरी को अपने घर से सामान लेने के लिए दुकान गई थी। सामान लेकर घर लौटते समय वृद्ध महिला के पीछे से अज्ञात अपने चेहरे मे कपडा बांधकर बाइक से पहुंचे। आगे थोडा से रूके और उसमे से पीछे बैठा युवक महिला के गले का चेन स्नेचिंग कर मौके से दोनों फरार हो गएऐ। सोने का चेन 3 तोले का था जिसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

# गुंडे बदमाश और अवैध प्रवासियों पर पुलिस हुई सख्त

**आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देश पर पुलिस ने चलाया अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले में अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से सघन कॉम्बिंग गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में संदिग्ध स्थानों, व्यक्तियों की जांच के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर थाना खुर्सीपार के देवार मोहल्ला, भिलाई भट्ठी उड़िया मोहल्ला, सेक्टर 4 भिलाई में व्यापक जांच की गई। चाकू, हथियार, अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखने वाले गुंडा-बदमाशों, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने वैधानिक कार्रवाई की गई। मादक पदार्थ रखने और विक्रय करने वालों, अवैध प्रवासियों की पहचान, सत्यापन के लिए दस्तावेजों की जांच, सशक्त ऐप के माध्यम से 120 से अधिक वाहनों की चेकिंग, 105 से अधिक संदिग्ध मकानों की तलाशी, 32 से अधिक मुसाफिरों संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लेकर पहचान सत्यापन किया गया। जहां से लगभग 02 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी देवार पारा खुर्सीपार निवासी चंद्रपाल देवार को पकड़ा गया। अवैध शराब मामले में पुलिस ने देवार बस्ती खुर्सीपार अमीरो बाघ के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर की गई कॉम्बिग गश्त।

---

**स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी कार्यक्रम में हुए शामिल**

# पुलिस कर्मियों के आवासों का सीएम ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से निर्मित विभिन्न पुलिस भवनों एवं आवासों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नई पुलिस लाइन दुर्ग में 36 अराजपत्रित अधिकारियों एवं 48 प्रधान आरक्षक, आरक्षकों के नवनिर्मित आवास गृह दुर्ग में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल, पद्मनाभपुर एवं पुलगांव के नवनिर्मित भवन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय धमधा का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बोरसी स्थित पुलिस सहायता केन्द्र के प्रवेश द्वार में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल एवं उनके परिवारों की सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पुलिस परिवारों की मांग पर सर्व-सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण, हाईमास्ट लाइट की स्थापना तथा पुलिस आवासों के मरम्मत कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया।



### नए आवासों से पुलिस के जवानों की बढ़ेगी कार्यक्षमता

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जब आम नागरिक रात्रि में विश्राम करते हैं, तब पुलिस बल समाज की सुरक्षा के लिए निरंतर ड्यूटी पर तैनात रहता है। नवनिर्मित आवासों एवं भवनों से पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार होगा। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एसडीओ नवीन वर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से मुलाकात बीएसपी के विषय पर चर्चा



**भिलाई।** भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत रायपुर लोकभवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही भिलाई से जुड़े भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को लेकर और रिटेंशन और 1500 से ऊपर परिवार जो इस समय इस समस्या के शिकार हैं। उनको लेकर सार्थक चर्चा की और पूरे विषय से उन्हें अवगत कराया। इस पर राज्यपाल रमन डेका ने कहा और इसके लिए उद्योग मंत्री इस्पात मंत्री व भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक से चर्चा करेंगे।

### भिलाई में राज्य कर विभाग की बैठक 29 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के राज्य कर विभाग द्वारा 29 जनवरी को दुर्ग संभाग के अधिकारियों और विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बैठक भिलाई के सेक्टर-5 स्थित आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता राज्य कर आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा आईएएस और विशेष आयुक्त तरन्नुम वर्मा करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक सत्रों का विभाजन तीन चरणों में किया जाएगा। सुबह 11 से 12 बजे तक बार एवं सीए एसोसिएशन के साथ चर्चा होगी, जिसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक चेबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया जाएगा। अंतिम सत्र दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें सेंट्रल जीएसटी एवं डीजीजीआई के अधिकारी शामिल होंगे। इस समन्वय बैठक में दुर्ग संभाग के विभागीय अधिकारी, निरीक्षक और संबंधित संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करना और कर संबंधी विषयों पर चर्चा करना है।

### खंडस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 30 जनवरी को

**दुर्ग।** खंडस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक दुर्ग जनपद पंचायत के सभागार में 30 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे आयोजित की गई है। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की शाखावार 30 दिसंबर 2025 तक की लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में, किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन एवं मत्स्य पालन के प्रकरणों की स्वीकृति, अस्वीकृती, आरबीआई के नियमानुसार बैंकवार कृषि ऋण कुल ऋण के 18 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति, बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड तथा पशुपालन एवं मछली पालन के तहत लंबित आवेदन प्रकरणों की स्वीकृति, अस्वीकृती, अटल पेंशन योजना की प्रगति एवं लक्ष्य प्राप्ति, जनसुरक्षा योजनान्तर्गत पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय में किये गये क्लेम दावा और प्रगति, रबी 2025-26 हेतु फसल बीमा के तहत किये जा रहे बीमा के संबंध में, बैंक ऑफ बडौदा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी, दावा रहित जमा राशि कैंप, शिविरों की प्रगति आदि पर चर्चा की जाएगी।

# मनरेगा मजदूर अब बनाएंगे मकान, दिया जा रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

## आवास निर्माण की गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में आवास निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत मजदूरों को राजमिस्त्री कार्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मनरेगा के तहत संचालित प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत नंदवाय में स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण से पूर्व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उनकी रुचि के अनुसार चयन किया गया। सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संपादित करने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।



### प्रतिदिन की दर से मजदूरी का किया जाएगा भुगतान

प्रशिक्षण में सभी 35 पुरुष हितग्राही सक्रिय रूप से भाग लिए। प्रशिक्षण अवधि के दौरान हितग्राहियों को मनरेगा अंतर्गत 261 रूपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश निर्मलकर द्वारा आवास निर्माण में मजबूती हेतु निर्माण सामग्री के उचित अनुपात, कार्य की समय-सीमा, आवश्यक सावधानियों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि वे न केवल अपने आवासों का निर्माण बेहतर गुणवत्ता के साथ कर सकेंगे, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे।

## बैठक : भिलाई निगम आयुक्त ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा की

# अवैध कब्जे, ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायत व बकाया टैक्स वसूली के लिए चलेगा अभियान

## आयुक्त राजीव पांडेय ने अधिकारियों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभिन्न कार्यो का समीक्षा की। बैठक में आनलाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायत, जमीन का दस्तावेजीकरण, अवैध अतिक्रमण, आयुष्मान कार्ड, मोर संगवारी योजना, बकाया करो की वसूली सहित सिंगलयूज प्लास्टिक पर लगाम लगाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

आयुक्त ने नागरिकों द्वारा किये गये शासकीय पोर्टल पर दर्ज आनलाईन शिकायत एवं मांग को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कराने निर्देश दिए। ह नवीन कार्य की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रेषित करने कहा गया है। निगम क्षेत्र के जमीन का दस्तावेजीकरण करना है, जिससे अवैध कब्जा न हो सके। जमीन की ब्रिकी में रूकाव हेतु विज्ञप्ति जारी करना है, जिससे अवैध प्लाटिंक पर लगाम लगाया जा सके। निगम क्षेत्र के रोड किनारे, नाली के उपर, चैंक-चैराहो में किये गये अवैध अतिक्रमण को कब्जामुक्त कराना है, जिससे नागरिको को सुगम यातायात का लाभ मिल सके। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क ईलाज की सुविधा दिलाने आयुष्मान कार्ड बनाने अनुरोध करना है। ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाना है, जिससे उनको शासकीय योजना का लाभ मिल सकें।





### बकाया करदाताओं को होगा अंतिम नोटिस जारी

मोर संगवारी योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। जिससे नागरिको को घर बैठे आवश्यक दस्तावेज बनाने का लाभ मिल सकें। बकाया करों की वसूली को प्राथमिकता देते हुए धारा 173, 174 एवं 175 के तहत नोटिस तामिल करना है। डोर-टू-डोर बकाया कर वसूली को बढ़ाना है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सिंगलयूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से बंद करना है, इसके लिए कार्यवाही के साथ-साथ अभियान चलाने कहा गया है। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डी के कोसरिया, मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### टैक्स नहीं भरने पर कटे नल कनेक्शन कई बकायादारों ने किया भुगतान



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बकाया कर वसूली को लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं राजस्व अधिकारी आरके बोरकर के मार्गदर्शन में राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, राजस्व उप निरीक्षक रामखिलावन शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने वॉर्ड क्रमांक 27 एवं 28 में कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान वॉर्ड नंबर 28 में सोहन सिंह/तुलसा सिंह द्वारा लंबे समय से 1,34,807 रुपये का टैक्स जमा नहीं किए जाने पर उनके परिसर के दो नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इसी वॉर्ड में पुष्पा देवी/प्रताप सूर्यवंशी के यहां भी 53,349 रुपये बकाया टैक्स नहीं चुकाने पर एक नल कनेक्शन काटा गया। कार्रवाई के दबाव में वॉर्ड 28 के ही कृपाल सिंह ने मौके पर 14,872 रुपये टैक्स राशि जमा की। वहीं वॉर्ड नंबर 27 में सरस्वती त्रिपाठी ने नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए 23,497 रुपये का भुगतान किया। इसी वॉर्ड में संजय ताम्रकार ने भी 15,673 रुपये टैक्स राशि निगम में जमा की। नगर निगम के राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया कि बकाया टैक्स जमा नहीं करने वाले करदाताओं के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# फरवरी में राजेन्द्र पार्क में फिर सजेगा फ्लावर शो



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक समिति प्रभारी काशीराम कोसरे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति सदस्यों की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण, उद्यानों के विकास एवं विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

- शहर के प्रमुख उद्यानों के संधारण–सौंदर्यीकरण पर बनी सहमति

बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजेन्द्र पार्क में माह फरवरी में फ्लावर शो (पुष्प प्रदर्शनी) आयोजित किए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समिति प्रभारी काशीराम कोसरे ने बताया कि निगम द्वारा पूर्व वर्षों में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी को नागरिकों का भरपूर समर्थन और सराहना मिली है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी भव्य फ्लावर शो आयोजित करने तथा प्रदर्शनी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता गतिविधियों को शामिल करने पर सहमति बनी। इसके साथ ही बैठक में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रमुख उद्यानों के संधारण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर भी निर्णय लिए गए। शहर के प्रमुख उद्यान राजेन्द्र पार्क एवं दादा-दादी, नाना-नानी पार्क के संधारण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने पर सहमति बनी, जिससे नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में समिति प्रभारी काशीराम कोसरे के साथ पार्षद नीलम सिंह, सुरूचि उमरे, रेखा बंजारे, हीरौन्दी चंदानिया, बबिता गुड्डु यादव, उप अभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहे।

### खरीदी के लिए प्रशिक्षण बैठक का आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम, 2002 एवं जेम (गर्वनरमेंट-ई-मार्केटप्लेस) से संबंधित एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए भंडार क्रय नियमों और जेम पोर्टल के उपयोग की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था।

# खेल महोत्सव में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली सेक्टर के इस्पात क्लब ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जननायक जयपाल सिंह मुंडा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें केवल महिलाओं के लिए 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़,नारियल फेंक,गोली चम्मच की प्रतियोगिता रखी गई और 55 वर्ष अधिक उम्र की महिलाओं के लिए विशेष रूप से कुर्सी दौड़ व बॉल-पासिंग खेल रखा गया।

- महिलाओं के लिए रखा गया था विभिन्न प्रतियोगिताएं

गणतंत्र दिवस की बधाई संदेश के साथ-साथ जननायक जयपाल सिंह मुंडा जी के बारे में भी बताया गया। सन 1928 के ओलिंपिक खेल में जयपाल सिंह मुंडा की कप्तानी में भारत ने पहला गोल्ड मेडल हॉकी में अर्जित किया। भारत की मेजबानी कर रहे जयपाल सिंह मुंडा ने देशप्रेम में अपनी आईसीएस की नौकरी छोड़ दी। मुंडा जी ब्रिटिश शासन में सर्वोच्च पद पर कार्य करने वाले पहले भारतीय थे। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विशिष्ट अतिथि केआर शाह प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद, महापौर शशि सिन्हा, अशोक कंगाली अध्यक्ष रिसाली गोंडवाना समृद्धि आदि मौजूद थे। यह आयोजन पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर और छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी मातृशक्ति संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कराया गया।



### दौड़ में दिपिका और नारियल फेंक में शकुंतला प्रथम

आयोजन में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम दिपीका, द्वितीय कमल सिंधु, तृतीय दीपिका चेलक, कुर्सी दौड़ प्रथम सुनीता नायक, द्वितीय भुवनेश्वरी ठाकुर, तृतीय किरण,नारियल फेंक प्रथम हेमिंन सिन्हा, द्वितीय गिरजा, तृतीय अनू जांगढे,गोली चम्मच प्रथम पदमा ठाकुर, द्वितीय निर्मला कंगाली, तृतीय माधुरी एवं 55+ बड़ी दीदियों के नारियल फेंक में प्रथम शकुंतला साहू, द्वितीय शंकुन ध्रुव, तृतीय शीला, बॉल पासिंग में प्रथम शकुंतला साहू, द्वितीय आशा पांडे, शकुंतला ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे।

# 40 कर्मचारियों के खाते में पहुंचे उपादान के 92,83,880 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे की पहल पर 40 कर्मचारियों को एकमुश्त 92,83,880 रुपये की उपादान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मोतीलाल सभागार में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा और वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे की उपस्थिति में कर्मचारियों को राशि वितरण किया गया।

यह राशि जीवित एवं मृतक दोनों श्रेणी के कर्मचारियों को प्रदान की गई। महापौर ने बताया कि यह उपलब्धि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, सभापति श्याम शर्मा के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में संभव हुई है। इस अवसर पर वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, मनीष साहू, शेखर चंद्राकर, मनीष साहू, लीना दिनेश देवांगन, काशीराम कोसरे, निलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसफ, गोविंद्र देवांगन, अजीत वैध, मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, ख़ालिद रिज़वी, जितेंद्र ताम्रकर, युवराज कुंजाम, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, रेवाराम मनु सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

# संगीत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में राग मंजरी और पंथी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव भाव–राग–मंजरी के अंतर्गत दोपहर सत्र में शास्त्रीय संगीत, लोक-परंपरा और नवाचार का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के न्यूरो सर्जन एवं संवेदनशील संगीत साधक डॉ. अजय नागराज (रायपुर) की मोहन वीणा पर प्रस्तुत भावपूर्ण एवं शास्त्रीय गरिमा से परिपूर्ण प्रस्तुति रही, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डॉ. नागराज ने दोपहर के राग वृंदावनी सारंग में विलंबित त्रिताल की विस्तारपूर्ण प्रस्तुति का आरंभ किया। पश्चात रूपक ताल में विलंबित गत तथा मध्यलय गायकी अंग की सजीव बंदिश प्रस्तुत की। वादन से पूर्व स्वयं बंदिश का गायन कर उन्होंने श्रोताओं को रचना की भावात्मक संरचना से परिचित कराया। त्रिताल में झूला डारो अंबुआ की डारी बंदिश के माध्यम से गायन एवं वादन के उत्कृष्ट समन्वय का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।





कार्यक्रम में रायपुर के सितार वादक पंडित अनिन राय तथा वरिष्ठ संगीत शिक्षाविद् डॉ. दीपक बेडेकर उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर, ने वार्षिक प्रतिवेदन में महाविद्यालय की उपलब्धियों को बताया । वार्षिक उत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के सभी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा भरतनाट्यम में पुष्पांजलि, लोकनृत्य में मटकी नृत्य, देवार करमा और पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सुगमगायन में गीत और गजल की प्रस्तुति को सराहा गया। एकालाप, मिमिक्री एवं गिटार वाद्य-संगीत ने समां बांधा। वहीं हिंदुस्तानी गायन विभाग की राग बिहाग पर छोटा ख्याल और तराना की सामूहिक प्रस्तुति ने मंत्र मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम का संचालन वत्सल तिवारी तथा आभार प्रदर्शन डॉ. निधि वर्मा द्वारा किया गया।

## कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को कराया अवगत

# धान खरीदी के लिए टोकन लिमिट व समय बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी में प्रभावित किसान, जिनका धान नहीं बिक पाया है, उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की टोकन लिमिट तत्काल बढ़ाने एवं खरीदी की समय-सीमा आगे बढ़ाने की मांग की।

- किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों के हित में शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो जिला कांग्रेस कमेटी को किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि 29 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है, लेकिन इस अवधि तक काटे गए टोकनों के आधार पर लगभग 20 प्रतिशत धान सरकार द्वारा खरीदा ही नहीं जा सकेगा। यह सरकार के उस दावे को झूठा साबित करता है, जिसमें प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की बात कही गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की विष्णु देव साय सरकार द्वारा धान खरीदी की प्रक्रिया जानबूझकर धीमी रखी गई, ताकि किसानों का पूरा धान न खरीदा जाए। टोकन कटौती की सीमित व्यवस्था और खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में किसान आज भी अपने खेतों में धान लेकर परेशान हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है। धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर सभी किसानों का पूरा धान खरीदा जाए, जिन केंद्रों में खरीदी की गति धीमी है, वहां अतिरिक्त व्यवस्था कर शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर देवेंद्र देशमुख, अशोक चन्द्राकर, हरीश साहू, पुष्पा यादव, महापौर शशि सिन्हा, लक्ष्मी साहू, योगिता चन्द्राकर, विक्की चन्द्राकर, रामकली यादव, प्रेमलता साहू, नासिर खोखर, संगीता महानंद सहित अन्य मौजूद थे।



### मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए समन्वयक नियुक्त

मनरेगा बचाओ संग्राम को अधिक प्रभावी एवं संगठित रूप देने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) ने समन्वयकों की नियुक्ति की है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार जामगांव-आर ब्लॉक विष्णु चंद्राकर, पाटन ब्लॉक ललित सिन्हा, अहिवारा ग्रामीण जगदीश मारकंडे, दुर्ग ग्रामीण रिवेंद्र यादव, धमधा जीवन निर्मलकर नियुक्त किये गये है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है।

# तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी का विस्तार नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ



**दुर्ग।** तहसील साहू संघ दुर्ग द्वारा साहू सदन केलाबाड़ी में कार्यकारिणी विस्तार एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिला साहू संघ के अध्यक्ष नन्द लाल साहू एवं तहसील साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष पोषण साहू की विशेष उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार साहू को तहसील साहू संघ दुर्ग का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया, जिन्हें संगठन की गतिविधियों को समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाजहित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भीखम साहू, यतीश साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय रामायण एवं लोक महोत्सव 31 को

**उतई।** श्री रामायण मानस परिवार उतई एवं ग्राम उमरपोटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय रामायण एवं लोक महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी को किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की रामायण, जस झांकी, फाग झांकी , राउत नृत्य , पंडवानी और भरथरी की प्रस्तुति होगी। नगर पंचायत उतई के कालिका मंच में मंचन होगा उक्त जानकारी रामायण मानस परिवार उतई के अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी और सचिव मुकेश साहू ने दी।

### ग्राम पंचायत कुथरेल में भक्ति का संगम आज से

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 29 जनवरी से होने जा रहा है। विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 'श्रीराम कीर्तन' और 'पार्थिव शिवलिंग निर्माण' का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के मुख्य आकर्षण मानस मर्मज्ञ कामता प्रसाद केसरी हैं। इस आयोजन के दौरान प्रतिदिन सामूहिक राम कीर्तन और संध्या काल में मुख्य कथा का आयोजन होगा। अंतिम दिन विशाल भंडारे और महाप्रसाद वितरण के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा।

## निधन

### केसर देवी उपाध्याय

**भिलाई।** विवेकानंद कॉलोनी वैशाली नगर निवासी केसर देवी उपाध्याय (88 वर्ष) पति स्व. केआर उपाध्याय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जनवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद उपाध्याय, संजीव उपाध्याय की मां, संगम डेयरी सेक्टर-6 के संचालक गजराज उपाध्याय की भाभी, अजय उपाध्याय पिंटू,अमित उपाध्याय की बड़ी मां और सुषमा उपाध्याय की सास थी।



## 26 जनवरी पर गांव-गांव में हुए राष्ट्रीय महत्व के आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई

# गणतंत्र का महत्व बताया ग्रामीणों को, लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

### दायित्वों का निर्वहन करे संविधान और देश की सेवा स्वमेव होता

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन संगीत मय सांस्कृतिक छटाओं के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण समिति सदस्य डॉ गुलाब साहू ने किया। तत्पश्चात डॉ हेडगेवार सदन में परंपरागत ढंग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ गणतंत्र पर्व मनाया गया। गणतंत्र समारोह में अतिथि मंच पर मानस मर्मज्ञ लोमस साहू, डॉ के एस देवांगन,बसंत शिंदे, कामता प्रसाद साहू ,श्रीमती नून बाई बंजारे श्रीमती माहेश्वरी निषाद मंचासिन रहे।ध्वजारोहण में डॉ गुलाब साहू ,मनीष जैन , नंदनी साहू भारती सोनबेर,शैलेंद्री मंडावी ,श्यामलाल चंद्राकर आदि शामिल हुए।



### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तृतीय आरक्षित वाहिनी



**उतई।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तृतीय आरक्षित वाहिनी उतई भिलाई में मुख्य अतिथि निलिमा रानी सिंह, महानिरीक्षक केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर दया शंकर, उप महानिरीक्षक केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई, महेश पोवरेल, वरिष्ठ कमाण्डेंट केऔसुब तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई, हनीफ मोहम्मद, सहायक उप महानिरीक्षक, केऔसुब मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई, शनि कुमार भट्ट, कमांडेन्ट, केऔसुब केऔसुब तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई, डॉ० मोहम्मद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संयुक्त अस्पताल भिलाई, पुरूषोत्तम मलिक, उप कमांडेन्ट, महिपाल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक/कार्य मनीषा झा,आरक्षित निरीक्षक, अन्य अधिकारीगण, बल सदस्य व उनके परिवारजन उपस्थित थे।

### ननकट्ठी में भी ध्वजारोहण

**ननकट्ठी।** ग्राम ननकटठी के राजपूत भवन में सरपंच श्रीमती सुशील साहू ने ध्वजा रोहण किया। उपसरपंच रवि साहू, पंचगण, पंडित रामगोपाल तिवारी, पंडित चंपेश कृष्ण महाराज, कौशल सिंह राजपूत,लोकेश्वर सिंह ठाकुर, मनोज सिंह राजपूत, संतोष सिंह राजपूत,गणेश अग्रवाल, बद्री यादव, धर्मू मरकाम, दयाराम यादव,बलवन , केदार कुंभकार, भागवत निषाद, लाला साहू , महावीर पटेल, बालमुकुंद मरकाम ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य , वर्षा देवांगन,शिक्षक गण, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, एमजीएम पब्लिक स्कूल के प्रधान पाठक बजराज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में पंच सुनील चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया।



पशु चिकित्सालय जामगांव आर में चिकित्सालय के प्रमुख डॉ बी मुखोपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण कराया।



जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर में सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। शाखा प्रबंधक महेंद्र मढ़रिया ने आभार व्यक्त किया।



**जामगांव आर।** आरक्षी केंद्र जामगांव आर में प्रधान आरक्षक मोहनलाल ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।



उपतहसील जामगांव आर में अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी ने ध्वजारोहण किया। रीडर सिन्हा सहित स्टॉफ , कोटवार आदि थे।



बस स्टैंड किसान चौक जामगांव आर में ध्वजारोहण उप सरपंच मुकेश साहू ने किया।



सेवा सहकारी समिति बटरेल में प्राधिकृत अधिकारी कमलेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समिति सदस्य अधिकारी कर्मचारी सहित किसान उपस्थित रहे। आभार शाखा प्रबंधक खुमेश वर्मा ने किया।



### खुर्सीपार में हुआ ध्वजा रोहण



**भिलाई।** उत्कल शिक्षा मिशन समिति खुर्सीपार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रामचंद्र बेहरा ने ध्वजा रोहण किया। इस दौरान निरंजन साहू, रविन्द्र लेंका, निजाम खान, रामकृष्ण पाढी मौजूद थे।

### महिला सदन बावाकुटी में मनाया गणतंत्र दिवस

**सेलूद।** ग्राम सेलूद के महिला सदन बावाकुटी के पास ग्रामीणजनों ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, रमेश देवांगन, भोलाराम साहू, खेमलाल साहु और खेमिन साहू पूर्व सरपंच सहित अन्य उपस्थित थे।



### शिक्षकों एवं लिपिकों का किया सम्मान



**पाटन।** विकासखंड पाटन में गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग के आयोजन में शिक्षकों व लिपिकों का सम्मान किया गया। इनमें प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी, छत्तर राम ठाकुर प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला झीट, शशिकला वर्मा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला असोगा, टेकेश्वर प्रसाद यदू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला खपरी, प्रदीप कुमार वर्मा शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया, रोशन देशमुख संकुल समन्वयक बालक पाटन, नितेश कुमार साहू संकुल समन्वयक गोड़पेंडरी, माखनलाल वासनिक सहायक ग्रेड 3 कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन और रवि कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड 3 कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी के देवांगन , बीआरसी पाटन खिलावन चोपड़िया , सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, आकांक्षा अग्रवाल, सरिता देशलहरे उपस्थित थे।

### वार्ड 9 में महिला शक्ति का सराहनीय योगदान

हरिभूमि पाटन।। गणतंत्र दिवस पर वार्ड क्रमांक 9 में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। यहां वार्ड के पार्षद मनोज कुर्रे की माता ने अपने वार्ड की बेहतरी के लिए स्वयं आगे बढ़कर पहल की। वर्षों पुराने और जगह-जगह से उखड़ चुके टाइल्स, जिनसे आम नागरिकों—विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों—को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, उन्हें सुधारने का बीड़ा उन्होंने उठाया। पार्षद की माता ने उखड़ी हुई टाइल्स के स्थानों में सीमेंट का मसाला भरकर रास्ते को समतल किया, ताकि वार्डवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।



### वार्ड क्रमांक 9 में 76वां गणतंत्र दिवस

**पाटन।** वार्ड क्रमांक 9 में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनोज कुर्रे ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में पूर्व पार्षद डोमन भारती सहित मनोज बघेल, तुषण मंडलेश, मनोज यादव, सोहन बघेल, डेविड जोशी, रामकृष्ण बघेल, उत्तम जोशी एवं मोती बघेल ,तिलक राते की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### सेवा सहकारी समिति निकुम में फहराया झंडा

**निकुम।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम में गणतंत्र दिवस पर शान से राष्ट्रीय ध्वज समिति अध्यक्ष भैया लाल साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर धरम दास साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख , पंच राम देशमुख, भीमु देशमुख, नरेंद्र देशमुख, सुरेश साहू पूर्व सरपंच भोथली , रमेश साहू और सहायक प्रबंधक श्याम लाल बेलचंदन सहित अन्य उपस्थित थे।



### सेजस जामगांव आर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस




**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर में गणतंत्र पर्व समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू थी। अध्यक्षता एसएमडी अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने की। विशेष अतिथि भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ,जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर,सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला ,सोसायटी जामगांव आर अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन आदि उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने फहराया तिरंगा

**अंडा।** थाना अंडा में थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने तिरंगा फहराया। गणतंत्र दिवस पर समस्त स्टाफ मौजूद था।



# तिरगा व चंदखुरी में जस गायन और झांकी प्रतियोगिता, विजेता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



ग्राम तिरगा और चंदखुरी में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। ख्याति प्राप्त मंडलियों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति

- आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित हुए शामिल

दी। महिषासुर वध, शुभ-निशुंभ वध, द्रोपति चीरहरण कथा प्रसंग की अनुपम प्रस्तुति ने भाव विभोर किया। ललित चंद्राकर ने कहा जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां हम अपनी देवी की महिमा का गायन करते हैं। उनकी झांकी के माध्यम से उनकी कथाओं को प्रदर्शित करते हैं। जस झांकी के माध्यम से अलग-अलग मंडलियां देवी की महिमा का बखान करते हैं, जिसे आप हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात कर अज्ञानता, अंधकार नशा रूपी महिषासुर का वध करने की कोशिश होनी चाहिए। अपने जीवन सदाचार, सद्गुण को समाहित कर नेक कार्य करें, एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ दें, जीवन को स्वालंबी बनाएं। समाज में व्याप्त नशा रूपी महिषासुर की वध करने की आवश्यकता है। आज चारों तरफ नशा रूपी जहर का बोल बाला है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, घसिंया राम देशमुख सरपंच, ग्राम पंचायत तिरगा युवराज देशमुख अध्यक्ष, शाला समिति विनय सेवता सुरेश साहू पूर्व सरपंच, भोथली घनश्याम देशमुख, अध्यक्ष शत्रुहन देशमुख, टिकेश्वर देशमुख, जागेश्वर निषाद, मनीराम निषाद, सुखराम देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

### मीरादातार सेलूद में उर्स 3 को

**सेलूद।** हजरत सैय्यद अली मीरादातार में इस वर्ष 3 फरवरी मंगलवार को शाम 4 बजे से उर्स होगा।

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**//सूचना//**

**मामले का विषय - पुनरीक्षण प्रकरण**
**मामला का क्रमांक -273/अ-12/वर्ष 2024-25**
**पक्षकार-दया सिंह वगैरह विरूद्ध बलजीत सिंह**

**बलजीत सिंह आ. स्व. रंगा सिंह निवासी-एच.आई.जी. 2022 हाउसिंग बोर्ड, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता दयासिह आ. स्व. नगीना सिंह एवं 01 अन्य निवासी-सी.एच. 443 ढांचा भवन कुरूद भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग के रा. प्र. क्र. 202406100200001/58 अ-12 वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 27.11.2024 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 26.02.2026 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**जारी दिनांक 15.01.2026** — **आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग**

**मुकदमे के फैसले के बारे में समन्स**
**(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)**
**दीवानी मुकदमा नं...सन्**

**अदालत-श्रीमती शीतल निकुंज, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**डोमनलाल ..............................मुददई विरूद्ध**
**आम जनता..............................मुद्दालेह**
**बनाम आम जनता.....**
**ग्राम अरसनारा तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने तुम्हारे खिलाफ आम जनता का मुकदमा दायर किया है. तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 27 माह 02 सन 2026 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमे की बाते ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिए भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोंगे तो तुम्हारी गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनबाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

(मुहर) **श्रीमती शीतल निकुंज**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

# केंद्र की योजना में नहीं मिला राशन का चावल, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

धरती आभा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा चयनित ग्राम अकतई राशन वितरण केंद्र में पात्र हितग्राहियों को राशन नहीं मिला रहा है। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने बताया कि कुछ लोगों को चांवल मिला जबकि अनेकों गरीब ग्रामीण आज भी दर दर भटक रहे है।सरपंच के साथ जब ग्रामीण वितरण केंद्र पहुंचे तो सेल्स मैन ने बताया जितना चांवल आया था बांट दिया गया और चावल आने पर ही वितरण हो सकेगा । चांवल वितरण के लिए मात्र 3 दिन ही इस जनवरी माह में शेष बचा है लोगो में हड़कंप मचा हुआ है। सेल्स मैन ने कहा कि चांवल का यहां तक नहीं आ पाना मेरी जवाबदारी नहीं है। जवाबदार लोगो को ध्यान देना चाहिए।



सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद ने बताया कि ग्रामपंचायत के तीनों ग्राम अकतई चारभाठा रिवागहन के लिए 137 क्विंटल चांवल की आवश्यकता होती है। अभी लगभग 70 क्विंटल चांवल की वितरण होना शेष है। उक्त समस्या की जानकारी एसडीएम लव केश ध्रुव फूड स्पेक्टर रामनारायण , नायब तहसीलदार जामगांव आर को दी जा चुकी है जनहित में कार्यवाही का इंतजार जारी है। एसडीएम लव केश ध्रुव ने कहा कि फूड स्पेक्टर से जानकारी लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

**श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं कृष्ण कुमार पिता तुलाराम उम्र 33 वर्ष, निवासी बजरंग पारा वार्ड नं. 58, हरिओम किराना के पास, उरला दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) का हूं। जो कि निम्नालिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है तथा मेरी जन्म तिथि 05.12.1992 है।

2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 4612 5040 0117 है, जिसमें मेरा नाम कृष्णा कुमार देवांगन अंकित है। परंतु मेरे सभी शैक्षिणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम कृष्ण कुमार पिता तुलाराम दर्ज है।

3. यह कि मेरे आधार कार्ड में कृष्णा कुमार देवांगन दर्ज होने के कारण मेरे सभी शासकीय दस्तावेज जैसे ऋण पुस्तिका, पेन कार्ड, राशन कार्ड आदि में भी दर्ज हो चुका है। जिसके कारण कई शासकीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

4. यह कि मेरा वास्तविक नाम कृष्ण कुमार पिता तुलाराम को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर मेरे समस्त दस्तावेजों, राजस्व संबंधित दस्तावेजों, शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथ- पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

(मुहर) **शपथकर्ता**
**कृष्ण कुमार**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नूर मोहम्मद आ. स्व. शेख महबूब निवासी- 133, सड़क नं.- 4,5,6 एवं 7 तक चंद्र नगर कोहका, वार्ड नं.- 14, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम इरफान मोहम्मद पिता नूर मोहम्मद को त्याग कर नया नाम मोहम्मद इरफान पिता नूर मोहम्मद रख लिया हूँ ।

अतः आज से मेरे पुत्र को समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद इरफान पिता नूर मोहम्मद से ही जाना- पहचाना जावे।

**नूर मोहम्मद**
**निवासी-133, सड़क नं.- 4,5,6 एवं 7 तक चंद्र नगर कोहका, वार्ड नं.- 14, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

प्रकरण क्रमांक ब/ 121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम भरर प.ह.न. 47 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता दयाराम निवासी ग्राम भरर तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक अपने पिता दयाराम पिता बुधराम की मृत्यु दिनांक 02.01.1992 को हो जाने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। प्ररकण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/02/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**जामगांव आर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

प्रकरण क्रमांक ब/ 121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम भरर प.ह.न. 47 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक षिवकुमार पिता दयाराम निवासी ग्राम भरर तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक अपनी माता केजा बाई पति दयाराम की मृत्यु दिनांक 05.10.1992 को हो जाने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। प्ररकण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/02/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**जामगांव आर**

## बिजनेस न्यूज

# स्वदेशी शिल्प महोत्सव में उमड़ रही ग्राहकों की भीड़



**भिलाई।** सेक्टर 6 सिविक सेंटर वेल्डेक्स ग्राउंड में बिगत दिनों स्वदेशी शिल्प महोत्सव का उद्घाटन किया गया। हर राज्यों से आए हुए शिल्पकारों और बुनकरों द्वारा तराशी गई कलाकारी व उत्पादन की एक ही छत के नीचे लगभग 70 हजार से अधिक वेराईटियों का जबरदस्त स्टॉक लगा हुआ है। उक्त प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक नायाब कलेक्शन ग्राहकों को अमुमन ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। प्रदर्शनी में ऊनी कपड़ों पर भारी छूट दी जा रही है। इसके अलावा मेरठ के खड़ी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, काश्मीर के पशमीना सिल्क शाल व साड़ी, बनारसी सिल्क साड़ी,कॉटन सूट और ड्रेस मटेरियल, खादी के गमछे, एवं टॉवल, पानीपत के मोजे, सूती गाउन, के साथ ही गृह उपयोगी की वस्तुओं की विशेष रेंज तथा मुंबई के फैंसी स्लीपर, बंगाल के जुट बैग, झांसी एवं पिलखुवा के कॉटन मखमली बेडशीट, सहारनपुर के फर्नीचर,जयपुर के मुखवास,मुंबई के अचार-नमकीन एवं पापड़, इमिटेशन ज्वेलरी, बंगाल के जामदानी-कांथा वर्क की साड़ियां, भागलपुर के सिल्क साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल, उत्तर प्रदेश सीतापुर की कॉटन दर्री,इसके अलावा और भी बहुत कुछ उपयोगिता के आधार पर प्रदर्शनी में लाई गई है जो शहरवासियों के लिए एक अनोखी फायदेमंद उपलब्धि है। प्रदर्शनी का समय सुबह है 11 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक है। क्रेडिट डेबिट कार्ड की सुविधा सभी स्टालों पर उपलब्ध है।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा सर्वोपरि है: राकेश

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने औद्योगिक प्रतिष्ठान में सुरक्षा के सर्वोपरि महत्व पर बल देते हुए अपने सभागार में कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के कर्मियों की पत्नियों के साथ संवाद किया। उन्होंने संयंत्र में सर्वांगीण सुरक्षा को सुदृढ़ करने और सुरक्षित संकार्य वातावरण के निर्माण में सहयोग की अपील की।
इस संवाद कार्यक्रम में कर्मचारियों के पत्नियों की भागीदारी रही। कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर खुले और विचार-विमर्श हुए। कहा कि कर्मचारियों के लिए सुरक्षा एवं सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन हेतु नियमित और गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें विश्राम कक्षों का नवीनीकरण, सुलभ इंटरनेशनल के सहयोग से संचालित शौचालय का संचालन एवं अन्य सुविधाओं का विकास तथा कैंटीन सुविधाओं का उन्नयन शामिल है।

### युवक हुआ लापता

**भिलाई।** कुरूद हाउसिंग बोर्ड निवासी संजीव कुमार 37 वर्ष का युवक अचानक लापता हो गया।



जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक संजीव कुछ समय पहले घर से निकला था। लेकिन अब तक घर नहीं लौटा है। परिजनों ने अपने रिश्तेदारों समेत आसपास में खोजबीन कर चुके है। जानकारी कुछ नहीं मिल पाया है। संजीव के लापता होने से परिजन काफी परेशान है। किसी को इसके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो पुलिस थाने में जानकारी दे।

### 4 फरवरी को स्टैण्ड की नीलामी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के देवबलोदा शिव मंदिर वार्ड में प्रतिवर्ष होने वाले शिवरात्रि मेला में लगाया जाना है। इसके लिए अस्थायी दुकान सायकल, वाहन स्टैण्ड की नीलामी निगम कार्यालय सभागार में 4 फरवरी की सुबह आयोजित की गई है। बोली लगाने वाले इच्छुक जन नीलामी की कार्यवाही में हिस्सा लेकर निर्धारित तिथि, समय पर शामिल हो सकते है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर हैप्पीनेस होगा माहौल, दुरुस्त होंगी सुविधाएं

**सीटू यूनियन की मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह से हुई चर्चा में मिला आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

सेल में एथिकल स्टील के स्तंभ है सेफ्टी, हाउसकीपिंग, टेक्नोलॉजिकल डिसिप्लिन और हैप्पीनेस। सीटू यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह के साथ इस हैप्पीनेस को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। यूनियन ने मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की। श्री सिंह ने कहा कि संयंत्र कर्मियों को संयंत्र के अंदर हैप्पीनेस लाने के लिए टॉयलेट, बाथरूम, रेस्टरूम वकैंटीन आदि बुनियादी को बेहतर करना बहुत जरूरी है। इस पर प्रबंधन लगातार कार्य कर रहा है।



#### सभी टॉयलेट बाथरूम की हो सफाई

सीटू नेताओं ने सीजीएम से मांग की कि टॉयलेट बाथरूम गंदे के गंदे होने की शिकायत संबंधित कार्मिक विभाग अथवा कार्मिक अधिकारी से करने के बाद भी निदान नहीं हो रहा है। पूर्व में बी सुझाव दिया था कि विभागों के अंदर टॉयलेट बाथरूम की सफाई की जिम्मेदारी भी विभाग में सफाई के लिए होने वाले ठेके के अधीन दे देना चाहिए ताकि इसकी मॉनिटरिंग विभाग के कार्मिक अधिकारी कर सके। मुख्य महाप्रबंधक ने इस सुझाव को बेहतर बताते हुए इस पर उच्च स्तर पर बात कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

सीटू नेताओं की मांग पर सीजीएम ने बताया कि प्राइमरी जोन में 125 टॉयलेट एवं 67 रेस्टरूम का सर्वे बाद अंतिम पड़ाव पर है बाद जोन अर्थात स्टील एवं मिल एरिया में टॉयलेट एवं रेस्ट रूम के रिनोवेशन का काम शुरू है। सभी कैंटीनों के किचन का हर 4 महीने के बाद पुताई किया जाएगा एवं साल में एक बार कैंटिनों की भी पुताई की जाती रहेगी। सीटू की टीम ने कहा कि कैंटीन के रखरखाव की गुणवत्ता के साथ-साथ भोजन सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की जरुरत है क्योंकि चार-पांच बड़े ठेकेदार मिलकर संयंत्र के सभी कैंटिनो का ठेका उठा लेते हैं एवं उसके बाद उसे पेटी ठेका में दूसरों को दे देते हैं पेटी में उठाया हुआ ठेकेदार अपने नीचे किसी और को पेटी में ठेका दे देता है। बीएसपी से कैंटीन का ठेका उठाने वाले ठेकेदार कैंटीन को चलाने के लिए दूसरों को किराए पर दे देते हैं जिस पर रोक लगाना होगा।

## यूनियन नेताओं ने बीएसपी के आईआर अधिकारियों को सौंपा 26 सूत्रीय ज्ञापन

# हजारों बीएसपी कर्मियों व ठेका श्रमिकों की मांगों को लेकर इंटक का मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन

**जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी, कहा जल्द पूर्ण करें कर्मियों का वेतन समझौता**

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

सेल कर्मियों के वेतन समझौता का जल्द पूर्ण करने सहित चौदह सूत्रीय और रिटायर कर्मियों के रिटेंशन स्कीम किराया का यथावत रखने और ठेका मजदूरों को केंद्रीय न्यूनतम वेतन सहित 12 मांगों को लेकर स्टील इम्पलाइज यूनियन और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले बुधवार को मुर्गा चौक सेक्टर 1 में जंगी विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने मेहनतकशों के जोशीले नारेबाजी के बीच बीएसपी के आईआर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा और सहायक प्रबंधक शशांक राव को ज्ञापन सौंपा। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि आश्वासन पर प्रबंधन के जल्द अमल नहीं किए जाने पर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इंटक यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा और महासचिव संजय कुमार साहू की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में यूनियन नेताओं ने प्रदर्शन को को संबोधित करते हुए कहा कि संयंत्र में उत्पादन, उत्पादकता और लाभार्जन में अपना खून पसीना बहाने वाले कर्मियों व मजदूरों के आवास, चिकित्सा और हितों से जुड़ी लंबित समस्याओं पर ध्यान नहीं दिए जाने से परेशानी और असंतोष बढ़ रहा है। ठेका मजदूरों के भी हो रहे चौतरफा शोषण से असुरक्षा व आर्थिक स्थिति बदतर हो रही है।

संजय साहू ने बताया कि आईआर अधिकारियों ने मांगों को प्रबंधन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन में दोनों यूनियनों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी व सामान्य सदस्यों, प्रतिनिधि व अनेक ठेका मजदूर उपस्थित थे।





#### यह हैं बीएसपी कर्मियों के मुद्दे

वेतन समझौते को जल्द पूर्ण करने, 39 माह का एरियर्स देने, मंथली इंसेंटिव स्कीम का संशोधन कर 10 हजार हर माह देने, नान-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम जनवरी 2026 से लागू, आवास आवंटन में सब्जेक्ट टू वेकेशन प्रक्रिया शीघ्र शुरु करने और आवास हस्तांतरण जैसा है, जहाँ है की स्थिति में किया जाए। साथ ही बड़े आवासों को डी-ग्रेड कर कर्मियों को उपलब्ध करने, 650 स्क्वायर फीट के सभी आवासों को लाइसेंस पर देने, संयंत्र भवन में पुणे मेडिकल की दवा रिपिट सुविधा प्रारंभ की जाए तथा एंबुलेंस की व्यवस्था उपलब्ध कराने, रिटेंशन स्कीम के किराए को पूर्ववत रखे जाने, बीएसपी कर्मचारियों को आवास संधारण राशि का संशोधन कर 21 हजार प्रति वर्ष करने, कैंटीन व रेस्ट रूम की व्यवस्था को बेहतर करने और सभी कर्मचारियों को ड्रेस अथवा उसके बदले राशि प्रदान करने और पुराने आवासों को तोड़कर 3 बीएचके के नए मकानों का निर्माम करने की मांग की गई।

#### ठेका श्रमिकों की प्रमुख मांगें

ठेका श्रमिकों को केंद्रीय न्यूनतम वेतन या बीएसपी के एस-1 का वेतन दिया जाए या 26 हजार रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए। इसके साथ ही श्रमिकों की 20% कटौती को बंद करने व 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए।संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से अनुमति दी जाए और संयंत्र के अंदर मोटरसाइकिल जाने की मंजूरी देने के साथ 20 लाख का दुर्घटना बीमा और श्रमिकों की सही उपस्थिति दर्ज होने व सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए और ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में आईटीआई और 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त करें, कौशल उन्नयन के तहत प्रशिक्षण कराया जाए और अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए। ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए व रात्रि भत्ता व साइकिल भत्ता, कैंटीन, हीच और डस्ट अलाउंस दिया जाए। श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि,स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बीएसपी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित कर बीएसपी के अंतर्गत एचएससीएल द्वारा किए जा रहे कार्य का आईआर क्लीयरेंस बीएसपी आईआरसीएलसी द्वारा किया जाए।

# एयर बैलून के फटने से मां-बेटे और बेटी झुलसे

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई



एयर बैलून के अचानक फटने से महिला समेत दो मासूम बच्चे बुरी तरह घायल होने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक लॉन टेनिस कैंपस भिलाई के बाहर सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में एक बड़ा एयर बैलून लगाया गया था। कार्यक्रम के खत्म होते ही एयर बैलून की हवा कम हो गई और वहां मौजूद केयर टेकर ने उसे अपने घर में रख लिया। बुधवार देर शाम अचानक एयर बैलून तेज धमाके के साथ फट गया। जिसके बाद उसमें आग लग गई। आग इतना तेज था कि आसपास में मौजूद महिला और उसके दो मासूम बच्चे चपेट में आ गए। घटना में महिला और एक बेटा गंभीर रुप से जल गया। जानकारी लगने पर मौके पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत सेक्टर-9 अस्पताल के बर्न यूनिट में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है।

■ तीन का उपचार जारी

घायलों का शिनाख्त मां लेखिन बाई करीब 15 से 20 प्रतिशत तक झुलसी हैं। उसका 13 वर्षीय बेटा ईशांत वर्मा हादसे में करीब 35 प्रतिशत और 8 वर्षीय बेटी पूर्वी 15 से 20 प्रतिशत झुलस गई है। डॉक्टरों के मुताबिक ईशांत की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि महिला और बच्ची की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई गई है। भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, एयर बैलून में आग कैसे लगी और क्या इसमें किसी तरह की लापरवाही बरती गई थी। जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी का अंदेशा लगाया जा रहा है।

## मकान से जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** पुरी ओडिसा घूमने गए बिजली विभाग में ठेकेदारी में काम करने वाले के मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि अभिषके प्रताप सिंह ठाकुर बिजली विभाग में ठेकेदारी का काम करता है। 27 जनवरी को पडोसी ने पीड़ित को कॉल कर घटना की जानकारी दी। मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान को चेक करने पर आलमारी में रखा सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। मकान से 60 हजार रूपये को पार कर दिया है। पुलिस चोर की खोजबीन करने में जुटी हुई है।

# पूर्व सीएम के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, कांग्रेसी पहुंचे थाने



हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा, गाली-गलौज और समाज में द्वेष फैलाने के आरोपों को लेकर कांग्रेसियों ने सुपेला थाने का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज की मांग कर नारेबाजी करते रहे। मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर प्लान के तहत ही यह काम किया जा रहा है। राजनीतिक द्वेष के चलते वरिष्ठ नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर सीधा हमला है। इसे लेकर रायपुर में भी इस तरह का मामला सामने आ चुका है। प्रदर्शन और दबाव के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने सोशल मीडिया यूजर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ और दुर्ग जिले में लगातार बढ़ते अपराध चिंता का विषय है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ खुलेआम आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। आरोप लगाया कि एक्स पर अमित सेन नामक युवक के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने पुलिस से मांग किया है कि युवक के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाए।

## बीएसपी के बीएफ में वैकल्पिक स्लैग डिस्पोजल मार्ग शुरू



हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिकी संगठन द्वारा निर्मित ब्लास्ट फर्नेस में वैकल्पिक स्लैग डिस्पोसल मार्ग का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। जंक्शन-4 क्षेत्र में स्थित इस वैकल्पिक स्लैग डिस्पोसल मार्ग के प्रारंभ होने से ब्लास्ट फर्नेस के स्लैग निपटान प्रक्रिया में निरंतरता एवं परिचालन सुगमता सुनिश्चित होगी।

इस कार्य के निष्पादन में ब्लास्ट फर्नेस, टीएंडडी, एमआर.डी., स्टील स्ट्रक्चरल शॉप, ईडीडी, प्लांट गैरेज, सीएमएम, सीईडी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, सीजीएम मनोज कुमार, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, एचके सचदेव, पी सुब्बाराव सहित विभागीय लोग उपस्थित थे।

# बीएसपी रावघाट क्रिकेट स्पर्धा कोलर टीम ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट लौह अयस्क खदान परियोजना द्वारा आयोजित आठ दिवसीय रावघाट क्रिकेट प्रतियोगिता सेल रावघाट प्रीमियर लीग"का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार व विशिष्ठ अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट थे। दोनों अतिथियों ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ 20 जनवरी 2026 को उप महाप्रबंधक (रावघाट) श्री डी. एन. रस्तोगी एवं सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) श्री सचिन रंगारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक श्री योगेश वर्मा एवं श्री वागेश तिवारी की भी विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। अंतिम मुकाबले में पालकी टीम विजेता रही। विजेता कोलर टीम, उपविजेता पालकी टीम तथा तृतीय स्थान प्राप्त बैहासाल्हेभाट टीम को क्रमशः 51 हजार रूपये, 31 हजार व 21 हजार रूपये की पुरस्कार राशि सहित ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज को 5 हजार रूपये, मैन ऑफ द मैच को 3 हजार रूपये एवं ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज तथा बेस्ट ऑल-राउंडर ऑफ द सीरीज को क्रमशः 3,000 रूपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी दी गई। आयोजन में सचिन रंगारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें श्री रामसनेही यदु, श्री मोरध्वज सिंह एवं श्री अजय कुमार यदु ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु दंडकवन रावघाट स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. ओमप्रकाश टंडन एवं उनकी पैरामेडिकल टीम ने अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दीं। आठ दिसवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ उप महाप्रबंधक डीएन रस्तोगी व योगेश वर्मा वागेश तिवारी ने किया था।

## सेल डे पर साधना सरगम ने किया भाव विभोर



हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

सेल स्थापना दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई क्लब रॉयल क्रिस्टल गार्डन में पार्श्व गायिका साधना सरगम नाईट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र व ईडी एके चक्रवर्ती, प्रवीन निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, तथा अरुण कुमार सहित ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित संगीतप्रेमी उपस्थित थे। साधना सरगम ने अपने दस सदस्यीय संगीत दल के साथ सुरीले गीतों के साथ विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के गीतों की मोहक प्रस्तुति दी।

**सुरक्षा को लेकर किया जागरूक**

# रसमड़ा में ट्रैफिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रसमड़ा स्थित क्रिस्ट स्टील प्लांट ट्रैफिक पुलिस पहुंची। जहां विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जहां प्लांट में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन के महत्व के बारे में बताया गया। नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण है। जिससे स्वयं के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों, राहगीरों का जीवन भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य है। जागरूक करते हुए बताया गया कि हेलमेट दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट से बचाव का सबसे प्रभावी साधन है। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के नियमित उपयोग और सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की समझाइश दी गई। भारी वाहनों के ब्लाइंड स्पॉट के बारे में जानकारी दी गई। ट्रक, बस एवं अन्य भारी वाहनों के आसपास कुछ ऐसे क्षेत्र होते हैं। जो चालक को सीधे दिखाई नहीं देते, जिनकी चपेट में आने से गंभीर हादसा घटित होती हैं। कर्मचारियों को भारी वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, ओवरटेक करते समय विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। ओवरस्पीडिंग से बचने, लेन अनुशासन का पालन करने, ट्रैफिक संकेतों, साइन बोर्ड का सम्मान करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, संयम, सतर्कता के साथ वाहन चलाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा समेत कर्मी मौजूद थे।

## ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला

**भिलाई।** ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सीएसपीडीसीएल दुर्ग द्वारा रजत जयंती वर्ष पर किया जा रहा है। विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते है। आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्रोत , ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा में से किसी भी एक विषय पर अपनी कलाकृति बना सकते हैं। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों का प्रबंध स्वयं करना होगा। सीएसपीडीसीएल दुर्ग के रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी दीपक कुमार डूम्भरे के पास जमा करा सकते हैं। बेमेतरा जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पूनम महिलांगे, बालोद जिले के प्रतिभागी कार्यपालन अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता पी.आर.ठाकुर के पास पेंटिंग जमा कर सकेंगे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

अतिथियों ने किया संबोधित



## गणतंत्र दिवस

### मैत्री कुंज में हुआ ध्वजारोहण



**भिलाई।** मैत्री कुंज, वृन्दावन गार्डन भिलाई में पार्षद रमा साहु ने ध्वजारोहण कर वृन्दावन गार्डन के रहवासियों को बधाई दी। समारोह में अजय वर्मा, विप्लव चटर्जी, कमलेश बन्छोर, शुभाशीष बनर्जी, रविन्द्रर भाटिया, गायकवाड़, नन्दी,यादव , पल्लव, अशोक, हर्ष, रूपचंदानी, बन्छोर और श्वेता आदि ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई।

### तालाब परिसर में मना गणतंत्र दिवस



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सेंट्रेटू स्थित छठ तालाब परिसर में ध्वजा रोहण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत गाया।ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि इस दिन हमारा संविधान बना था। कई वीर देश के लिए शहीद हुए उन्हें हर भारतवासी याद करता है। इस दौरान स्प्रिंग डेल स्कूल प्रिसिपल अंजली अग्रवाल, वार्ड पार्षद साधना सिंह,कांग्रेस महामंत्री हरिश सिंह, अभिषेक अवस्थी, लक्षमण सिंह, राघवेन्द्र शुक्ला, निखिल सिंह,ए योहन्ना, ए प्रधान, सूरज नागवंशी मौजूद थे।

### मेयर निर्मल ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर निर्मल कोसरे ने किया ध्वजारोहण कर मृत कर्मियों के परिजनों को मिल अनुकम्पा नियुक्ति आदेश सौंपा। 77 वें गणतंत्र दिवस को बड़े धूमधाम से निगम परिसर में मनाया गया। दौरान सभापति कृष्णा चंद्राकर, आयुक्त डीएस राजपुत, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, जनसंपर्क प्रभारी विकास चंद्र त्रिपाठी मौजूद थे।

### देवबलौदा व उरला में फहराया तिरंगा



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला देवबलौदा और उरला में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव असंगठित कामगार कांग्रेस व पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी व पार्षद भारती सूर्यवंशी ने मिलकर ध्वजा रोहण किया। स्कूलइस अवसर पर पार्षद ईश्वर साहू, सुमित शर्मा, हरीश साहू समेत ग्राम के नागरिकगण मौजूद थे।

### महिला समाज ने फहराया ध्वज



**भिलाई।** भिलाई महिला समाज द्वारा सेक्टर 9 हास्पिटल में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की कार्यवाहक अध्यक्ष छवि निगम, उपाध्यक्ष, मोली चक्रवर्ती, केका सरकार, पूनम कुमार, स्मिता भास्कर, कोर कमेटी से सचिव सोनाली रथ, संयुक्त सचिव चैती पॉल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, संयुक्त कोषाध्यक्ष रीता तिवारी, कार्य समिति सदस्य रुखसाना शेख, नीलिमा साहू, सुधा शर्मा, रागिनी शर्मा और सुषमा साल्वटकर उपस्थित रही।

### छोटे बच्चों ने दी स्वागत गीत की प्रस्तुति

नगर साहू समाज घासीदास नगर वार्ड क्रमांक 23 में कृष्ण कर्मा मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान समाज के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उषा शर्मा, नगर साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य पुरुषोत्तम साहू, छंगू राम साहू, शंकर लाल साहू, थान सिंह साहू, गिरीश साहू, मनोज साहू, राजकुमार साहू, कृष्णा साहू, विनय शर्मा, उदल सिंह, राम सिंह ठाकुर, सविता साहू, सोनी दाई सहित काफी संख्या में मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

# देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने किया प्रेरित

**भिलाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, सभी प्रस्तुतियों को देख उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।**




### विद्यार्थियों ने दक्षता पुरस्कार किया प्राप्त, मिला सम्मान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अपने उद्बोधन में देशभक्ति की भावना, भारतीय संविधान तथा भारतीय सेना की शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की डायरेक्टर पुनीता नेहरू ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि उनके उचित मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही विद्यार्थियों ने यह दक्षता पुरस्कार प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर मास्टर रमेशचंद्र द्विवेदी, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।






### आईआईटी भिलाई के परिसर में आयोजन, मेधावी छात्रों को बांटे पुरस्कार



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई ने अपने परिसर में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों द्वारा पारंपरिक मार्च पास्ट का भी आयोजन किया गया। प्रो. राजीव प्रकाश ने अपने संबोधन में राष्ट्र द्वारा संरक्षित संवैधानिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा पीढ़ी को उनके अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति मौलिक कर्तव्यों के महत्व की भी याद दिलाई। संस्थान की तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाते हुए प्रो. प्रकाश ने डेटा सेंटर के लिए एक अत्याधुनिक इन-रो कूलिंग सिस्टम का उद्घाटन किया। इस दौरान मेधावी छात्रों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों पी.के. जैन मेमोरियल अवार्ड, गीतामल घोष रॉय अवार्ड, एलुमनी एसोसिएशन यंग रिसर्चर अवार्ड, आर.पी. सिंह मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्थान के कुलसचिव विंग कमांडर डॉ. जयेश चंद्र एस. पै. सेवानिवृत्त के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

### सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई ने



**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। समाज के सामाजिक भवन ब्रह्म प्रकाश में सभी पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत गाया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, दीपक मिश्रा, नागेद्र पांडे, रामलखन मिश्र सहित समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति ने मोहा मन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता संचार एवं टेलिमेटरी भिलाई-3 कार्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह अधीक्षण अभियंता पुष्पा पिल्लई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नन्हे-नन्हे बालकों द्वारा राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान पदमाशा तिवारी द्वारा राष्ट्रप्रथम और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संदेश दिया। साथ ही रमया, बबीता, केसरी ओमीन और रानी सहित कार्यालयीन कर्मियों द्वारा छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत अरपा पैरी के धार प्रस्तुत किया गया। भूपेंद्र सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका मे किया गया ध्वजारोहण

**भिलाई।** दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका में भारत माता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्र ध्वज के सामने दीप प्रज्वलन किया गया। भारत माता के जयकारे के



साथ वन्देमातरम का नारा लगाते हुए तिरंगे को सलामी दी गई। इसके बाद स्वागत भाषण प्राचार्य जेपी घनघोरकर द्वारा किया गया। अतिथियों ने भी गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, भाजयुमो प्रदेश प्रमुख आईटी अमित मिश्रा, दिव्या भसीन, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख संदीप उपाध्याय, राष्ट्रबोध पवन केसवानी, समाजसेवी कन्हैया सोनी, संजय दानी, शारदा गुप्ता, अभिनव वडनेरकर, विनय गणेशे, राजेश सिंह, उमेश तिवारी, अमोल दास साहू, राजेश प्रधान व शोभू राम साहू, अनुपमा शुक्ला, राबड़ी देवी, सुगंधी सोनी, कंचन सोनी सहित दिव्य अनुभूति विद्यालय प्रबंधन से शिक्षिकाओं में माधुरी वर्मा, ममता पाण्डेय, अन्नपूर्णा, अनीता शर्मा, रोहिणी जंघेल, चित्ररेखा साहू, तिलेश्वरी साहू, गिरजा जंघेल, जागेश्वरी वर्मा, मंजुलता जंघेल, विद्या देवांगन उपस्थित रहे।

## चेंबर ऑफ कामर्स के सबसे पुराने सदस्य किशन खंडेलवाल ने किया ध्वजारोहण

# चेंबर ने किया नेत्र, देह और रक्तदान में सहयोग करने वाली संस्था का सम्मान

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने तहसील कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में एक अनोखी शुरुआत की। देशप्रेम, भाईचारा, एकता एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। ध्वजारोहण चेंबर के सबसे पुराने सदस्य 85 वर्षीय किशन खंडेलवाल ने की। इसके बाद रक्तदान, देहदान और नेत्रदान में हर समय सहयोग के लिए प्रयास करने वाली संस्था नवदृष्टि फॉउंडेशन के सदस्यों को शॉल, श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। किशन खंडेलवाल जी का लाइफ टाइम अच्युमेंट को मोमेंटो साल श्रीफल से सम्मान किया गया।




### संविधान की शक्ति और राष्ट्र की एकता का प्रतीक है गणतंत्र दिवस

अध्यक्ष अनूप गटागट ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान की शक्ति और राष्ट्र की एकता का प्रतीक है। राष्ट्र निर्माण में आपसी विश्वास, एकजुटता और भाईचारा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम सार्वजनिक स्थल पर आम जनता के बीच आयोजित किया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि हम सब एक हैं और सामाजिक सौहार्द ही देश की मजबूती की आधारशिला है। भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और नवाचार में भारत नेतृत्व करेगा। भारत निर्माण, डिजिटल तकनीक और स्टार्टअप्स का वैश्विक केंद्र बनेगा। विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का संचालन संजय खंडेलवाल ने किया। आभार मनोज अग्रवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर किशोर जैन, कुलदीप सिंह, अशोक राठी, शिव चंद्राकर, प्रहलाद रूंगटा, जवाहर जैन, अरुण दुगड़, सतीश समर्थ सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग का




**भिलाई।** राजा भोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर पूर्व के प्रांगण में पावर क्षत्रिय संघ भिलाई दुर्ग द्वारा संगठन के वरिष्ठ संरक्षक डॉ. वायआर कटरे की अध्यक्षता और संरक्षक हरि कृष्ण बिसेन, लेख सिंह राणा, सलाहकार व वरिष्ठ समाजसेवी मेघलाल बिसेन के मुख्य आतिथ्य में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दीक्षित कॉलोनी वार्ड के वार्ड पार्षद संदीप निरंकारी जी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन छोटेलाल पारधी ने किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित, 12 कर्मी हुए स्थायी और 3 को मिली पदोन्नति

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। मुख्य आयोजन निगम मुख्यालय में हुआ, जहां महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा, महापौर परिषद सदस्य आदित्य सिंह, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे सहित निगम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। विभागीय एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 अधिकारी-कर्मचारियों तथा स्थानांतरित हुए 3 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सिटी इवेंट

# छात्रों ने बनाया गजब का शिकायत निवारण सिस्टम




**भिलाई।** अगर सड़क पर अचानक गड्ढा दिख जाए, बिजली गुल हो जाए, आग लग जाए या पुलिस की मदद चाहिए हो, तो अब इसके लिए न दफ्तरों के चक्कर लगाने होंगे और न ही अलग-अलग जगह शिकायत करनी पड़ेगी। बस वाट्सऐप पर एक संदेश भेजना होगा और समस्या सीधे संबंधित विभाग तक पहुंच जाएगी। आम लोगों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्रों ने एक नया और उपयोगी सिस्टम तैयार किया है, जिसने रांची में हुए तकनीकी नवाचार महाकुंभ रांची हैक्स में सबका ध्यान खींच लिया और पहला स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित की गई थी, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से छात्र शामिल हुए थे। रुंगटा की छात्र टीम ने जो इनोवेशन पेश किया, वह सीधे आम जनता की रोजमर्रा की समस्याओं से जुड़ा हुआ है।

छात्रों ने बताया कि उन्होंने किसी नए मोबाइल एप या वेबसाइट की बजाय एक ऐसा सिस्टम बनाया है, जो वाट्सऐप के जरिए ही काम करता है। लोग सड़क खराब होने, बिजली न होने, पानी की दिक्कत, आग लगने, सड़क जाम या पुलिस सहायता जैसी किसी भी समस्या के लिए तय किए गए वाट्सऐप नंबर पर संदेश भेज सकते हैं। संदेश भेजते ही शिकायत अपने आप संबंधित विभाग तक पहुंच जाएगी।

इस सिस्टम की एक खास बात यह भी है कि अगर किसी इलाके में आग लगने, दुर्घटना होने या सड़क बंद होने जैसी स्थिति बनती है, तो उस क्षेत्र से गुजर रहे लोगों को तुरंत वाट्सऐप पर सूचना मिल जाती है। इससे लोग समय रहते सतर्क हो सकते हैं और परेशानी से बच सकते हैं। छात्रों ने पुलिस सहित सभी शासकीय विभागों के लिए एक अलग व्यवस्था तैयार की है। जैसे ही कोई शिकायत आती है, वह सीधे विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज हो जाती है। अधिकारियों को तुरंत जानकारी मिलती है और वे कार्रवाई शुरू कर सकते हैं। इस सिस्टम को इस तरह से तैयार किया गया है कि अगर 24 घंटे के भीतर किसी शिकायत का समाधान नहीं होता, तो वह बार-बार संबंधित विभाग को याद दिलाता है। साथ ही शिकायत की जानकारी ऊपर के अधिकारियों तक भी जाती रहती है, ताकि किसी भी तरह की लापरवाही न हो।

रांची हैक्स में मौजूद निर्णायक मंडल ने इस नवाचार की जमकर सराहना की। उनका कहना था कि यह विचार आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसे आसानी से बड़े स्तर पर अपनाया जा सकता है। इसके बाद अब रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्र और फैकल्टी मिलकर इसे और भी ज्यादा अपडेट करने में जुड़ गए हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में रुंगटा यूनिवर्सिटी इस सिस्टम का डेमो जिला प्रशासन और राज्य शासन को भी देने वाली है।

## धर्म लाइव

# आर्य वीर दल ने मनाया अपना 97 वां स्थापना दिवस समारोह



**दुर्ग।** आर्य वीर दल ने ने अपना 97 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर नगर में भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आर्य वीर एवं वीरांगनाओं द्वारा ध्वजारोहण, भव्य पथ संचलन, नगर भ्रमण, व्यायाम प्रदर्शन एवं घोष की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर आर्य वीर दल का इतिहास संगठन के पूर्व के अधिकारियों के शौर्य एवं देशभक्ति को याद कर मनाया गया। प्रस्तावना में 1927 में आर्य रक्षा समिति के गठन के परिणामस्वरूप 26 जनवरी 1929 में आर्य वीर दल के स्थापना तक के इतिहास पर विचार प्रकट किए गए। साथ ही सेवा कार्य संस्कृति रक्षा शक्ति संचय के उद्देश्यों के पीछे के कारण को बताया गया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने संस्कार में आर्य समाज लाएंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुंरग थे। उन्होंने सभी आर्य वीर एवं वीरांगनाओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए हैदराबाद आंदोलन में हैदराबाद को स्वतंत्र करने में आर्य वीर दल के योगदान एवं आर्य समाज भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन किया। भारत के विभाजन में आर्य समाज एवं आर्य वीर दल के सेवा कार्य की प्रशंसा की कार्यक्रम मंत्री रवि आर्य ने सभी आर्य वीर वीरांगनाओं के अनुशासन को नमन किया।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, प्रतिभाशाली छात्र हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल चीचा विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में भारत के 77 वे गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार वितरण एवं समस्त छात्रों को मिठाई वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तमन्ना याकूब सांस्कृतिक प्रभारी द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जी पी देशलहरे प्राचार्य द्वारा एवं मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्री मुकेश साहू , उप सरपंच टीभूराम वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रतन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार साहू एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे

## राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह में जुटे सामाजिक लोग

# ब्राह्मण समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 347 ने कराया पंजीयन, 13 जोड़ों की शादी तय

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सतनाम भवन सिविल लाइन दुर्ग में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, सम्मान समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने अपने माता पिता के साथ उपस्थित होकर मंच पर आकर अपना परिचय दिया। इस अवसर पर 347 लोगों अपने बच्चों के लिए आकर अपना पंजीयन कराया और 13 जोड़ों की शादी करने की आपस में परिवार ने सहमति दी। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सदस्यों द्वारा दी गई साथ ही बसंत पंचमी को सेलिब्रेट करते हुए फूलों की होली खेली गई। समाज के उत्कृष्ट कार्य करेन वालों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूरे प्रदेश ही नहीं छत्तीसगढ़ के बाहर से भी ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए। जिसमें कान्यकुब्ज, सनाढ्य, सरयूपारीण, ब्रह्मभट्ट, बंगाली, तेलुगु, आंध्र ब्राह्मण समाज, महाराष्ट्रीयन, गुजराती, बुंदेलखंड, पंजाबी, नर्मदा आंचलिक, तमिल, उत्कल, उत्तरांचल, बिहार, उत्तरप्रदेश क्षेत्र के ब्राह्मण समाज की सहभागिता रही। लगातार 8 वर्षों से आयोजित हो रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डे, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छग शासन राकेश पाण्डे, वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग छग शासन, विभा अवस्थी अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा , अरुण वोरा पूर्व विधायक, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ललित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, प्रभुनाथ मिश्रा, शशिकांत तिवारी और राष्ट्रीय महासचिव डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित करके की गई।



### ब्राह्मण बिना किसी भेदभाव के सभी समाज को शिक्षित करते है : प्रेमप्रकाश

कार्यक्रम की संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डे ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज एकत्रित हुआ है जो कि सराहनीय पहल है। ब्राह्मण समाज हमेशा हर समाज के हितों की भी चिंता करता है और हम ज्ञान, शिक्षा, प्रदान करते हैं। बिना किसी भेदभाव के सभी समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा देते आ रहे है। ब्राह्मण समाज और ज्यादा ताकत और मजबूती के साथ कार्य करे, अपने बच्चों को शिक्षा दीक्षा की दिशा में ज्यादा ध्यान दे, यही सफलता और विजय का मार्ग प्रशस्त करता है। ललित मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में संगठन मजबूत हो इसके लिए रोड मैप तैयार कर रहा हैं, अधिकांश जिलों में संगठन मजबूत होकर कार्य कर रहे हैं। महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी अनेक कार्य इस वर्ष किए जाएंगे। पूरे वर्ष भर इस कार्यक्रम को समाज हित में हम कैसे बढ़ाए, इस पर ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम को राकेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया।





### पदाधिकारी हुए शामिल

कार्यक्रम में आशीष त्रिपाठी राष्ट्रीय सचिव, अभिषेक पांडे, लेखमणि पांडे, सुमित शर्मा, राकेश शुक्ला, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, रामलखन मिश्र, उमाकांत दीक्षित, प्रफुल्ल दीक्षित, राज भास्कर, पीयूष मिश्रा, स्वीटी कौशिक, अनुरूप मिश्र सहित सभी ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विभिन्न कैटेगरी में हुए सम्मानित

इस अवसर पर सभी समाज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा विभा अवस्थी, वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग छग को नारी शक्ति सम्मान, नविता शर्मा, सुमन पांडे, प्रीति अजय बेहरा, मंजरी दुबे, नारीशक्ति सम्मान, सुमित शर्मा, राकेश शुक्ला प्रदेश पदाधिकारी को श्रेष्ठ ब्रह्म सम्मान, दिनेश वाजपेई, प्रो संयुक्ता पाढ़ी, ब्रह्म सम्मान, कलमवीर सम्मान अरुण मिश्रा, संगीता मिश्रा, संतोष मिश्रा, युवराज पाण्डे, संजय पाठक, विजय दुबे, अखिलेश तिवारी सहित कान्यकुब्ज, सरयू पारीण, बंगाली, तेलुगु आंध्र ब्राह्मण, तमिल ब्राह्मण, केरला ब्राह्मण, गुजराती ब्राह्मण, महाराष्ट्रीय ब्राह्मण, बुंदेलखंड ब्राह्मण, उत्कल ब्राह्मण सनाढ्य ब्राह्मण, ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण, नर्मदांचलिक ब्राह्मण, पंजाबी ब्राह्मण, सहित सभी का सम्मान किया गया।

## 9 दिवसीय माघ मेला का समापन

# रामदेव बाबा के माघ मेला के अंतिम दिन दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु



**दुर्ग।** रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में आयोजित 9 दिवसीय माघ मेला के अंतिम दिन बुधवार को दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। दरबार में सुबह महाआरती व हवन पूजन किया गया। इस दौरान भजन-कीर्तन की धुन गुंजायमान रही। जिसके धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की, वहीं बापजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवनकुंड की परिक्रमा की और हवनकुंड में नारियल अर्पित कर मनोकामना पूर्ण करने प्रार्थना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए रामदेव बाबा दरबार पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर अलका बाघमार, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नगर निगम एमआईसी प्रभारी निलेश अग्रवाल, समाजसेवी अरविंद वोरा, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन, कांग्रेस नेता अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, सुशील भारद्वाज के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, पायल जैन, मनीष जैन, गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल,गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा,पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी, निर्मल रुपारेल, मोंटी सोनी, गूंजा पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। माघ मेला में पूरे 09 दिन दरबार में श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित रहा।



## बच्चों को किया प्रोत्साहित

# ड्राइंग-पेंटिंग, कविता और नृत्य प्रतियोगिता में विजेता हुए पुरस्कृत




**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में क्लास 1 से 8 तक के बच्चों के लिए ड्राइंग-पेंटिंग, कविता और नृत्य की प्रतियोगिता सड़क-19 क्वार्टर 6बी में रखी गई। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय और सांत्वना वर्ग में बच्चों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-7 स्थित सड़क-25 के मैदान में ध्वजारोहण पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने किया। इस अवसर पर सोसायटी की ओर से फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर दुर्गेश शर्मा ने बच्चों को विशेष तौर पर व्यायाम और स्वस्थ रहने के लाभ बताए। आयोजन में अल मदद समिति की अध्यक्ष अंजुम अली, कौसर खान, कैसर इकबाल, नीलोफर सगीर, शबाना सिद्दीकी, आयशा फरहीन, रेहाना परवीन, शाहीन खान, लीना तजमीन, शम्सुन्निसा, दरख्शां अंजुम, दिलशाद, नरगिस, फरहीन अली और फरीदा अली सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

**अल मदद एजुकेशन सोसाइटी का आयोजन**

## शैलदेवी महाविद्यालय में जुटेंगे 2 हजार से ज्यादा स्कॉलर्स, भक्त भी पहुंचेंगे दर्शन करने

# शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती वेद और विज्ञान के समन्वय पर विद्यार्थियों का करेंगे मार्गदर्शन, 3 दिवसीय व्याख्यान आज से

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग/अंडा।** भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का मुहिम छेड़े गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज दुर्ग जिले के ग्राम अंडा स्थित शैल देवी महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विज्ञान व वेदांत विषय पर विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार को लेकर शंकराचार्य महाराज 29, 30 और 31 जनवरी को ग्राम अंडा के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज शैलदेवी महाविद्यालय कैंपस में राष्ट्रीय सेमिनार और धर्मसभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार में शोधार्थी छात्रों द्वारा अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को दीक्षा भी दिलाई जाएगी। इसके लिए पंजीयन करवाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ 29 जनवरी को सुबह 11:30 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी होंगे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा के प्रो. उत्तम द्विवेदी, शासकीय कमलादेवी राठी महिला पीजी कॉलेज राजनांदगांव के प्रो. ओंकार लाल श्रीवास्तव, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के चेयरमैन राजन कुमार दुबे मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार में करीब 2 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

### विज्ञान का वेदों से समन्वय स्थापित करने किया जा रहा आयोजन

प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने बताया की नई पीढ़ी को विज्ञान की समझ है, लेकिन वेद और विज्ञान का समन्वय स्थापित कैसे होगा, इन सारे विषयों से विद्यार्थियों को अवगत कराना राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है। डॉ. मिश्रा ने बताया की नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान व परंपराओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। जिसके माध्यम से अलग-अलग सिद्धांतों को बताया गया है भारतीय ज्ञान व परंपराओं को लेकर युवा पीढ़ी को जागरुक कर उन्हें नैतिक मूल्यों का बोध करवाना है, ताकि वे भारत निर्माण में अपना शत प्रतिशत सहयोग दे सके।



### धर्मसभा में जुटेंगे भक्त, लंबे समय बाद हो रहा आगमन

शंकराचार्य श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज के धर्मसभा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्णता निःशुल्क होगा। यह बातें शैलदेवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने बुधवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान आयोजन समिति के नीतीश तिवारी, रोहन झा, एवन कुमार भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने बताया कि यह पूरा कार्यक्रम शंकराचार्य श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शंकराचार्य महाराज का 29 जनवरी की शाम 5 बजे शैलदेवी महाविद्यालय में आगमन होगा। वें 30 और 31 जनवरी को दर्शन, संगोष्ठी व धर्मसभा में विद्यार्थियों के अलावा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। दोनों दिन यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। 1 फरवरी की शाम 5 बजे शंकराचार्य महाराज रायपुर आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

## हेल्थ टिप्स

### आपके आहार में संतुलित होनी चाहिए इसकी मात्रा


# आपके लिए पोटेशियम है जरूरी, शरीर की तंत्रिकाओं से लेकर हार्ट-बीट पर होता है इसका सीधा असर

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे भोजन में वो सारी चीजें होनी चाहिए जिससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति हो सके। आहार की पौष्टिकता में सुधार करके कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। शरीर के तमाम कार्यों के लिए पोटैशियम बहुत आवश्यक तत्व माना जाता है, क्या आपके आहार में इसकी मात्रा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए पोटैशियम एक अति आवश्यक पोषक तत्व है। ये तंत्रिकाओं को स्वस्थ रखने से लेकर हार्ट-बीट ठीक रखने, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, मांसपेशियों में लचीलेपन को बनाए रखने में सहायक है। इसकी शरीर में कमी हो जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



### पोटैशियम कई प्रकार से शरीर के लिए जरूरी

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, पोटैशियम शरीर के लिए महत्वपूर्ण खनिजों में से एक है। यह शरीर में तरल पदार्थ को नियंत्रित करने, तंत्रिका संकेत भेजने और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करने में मदद करता है। शरीर में लगभग 98% पोटैशियम आपकी कोशिकाओं में पाया जाता है।



ये खनिज, तंत्रिका तंत्र के कार्यों के लिए बहुत जरूरी है। तंत्रिका तंत्र ही आपके मस्तिष्क और शरीर के बीच संदेश भेजते हैं। रक्त में पोटेशियम के स्तर में कमी से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

### हार्ट की समस्या और आर्थराइटिस से बचाव

पोटैशियम आपके हार्ट को ठीक से काम करते रखने के लिए भी आवश्यक तत्व है। हाई ब्लड प्रेशर को हार्ट के लिए सबसे समस्याकारक माना जाता है। पोटैशियम युक्त आहार, शरीर से अतिरिक्त सोडियम को निकालने में मदद करके रक्तचाप को कम करने में सहायक है। पोटैशियम की कमी से शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ने का खतरा हो सकता है।इसके साथ पोटैशियम को ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पोटेशियम युक्त आहार मूत्र के माध्यम से अतिरिक्त कैल्शियम को बाहर निकलने से रोकने में सहायक है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिमों को कम कर सकते हैं।

### कितनी मात्रा में पोटैशियम जरूरी?

डाइटिशियन बताते हैं, शरीर के लिए 3,400mg पोटैशियम की मात्रा पर्याप्त हो सकती है। आहार के माध्यम से आसानी से इसकी पूर्ति कर सकते हैं। पशुओं और प्लांट बेस्ड दोनों प्रकार के आहार में पोटैशियम होता है। पौष्टिक चीजों की मात्रा बढ़ाकर शरीर के लिए दैनिक पोटैशियम आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों में ये अधिक मात्रा में पाया जाता है?

### किन चीजों का करें सेवन?

आहार की कई चीजें पोटैशियम से भरपूर होती हैं। सूखे फल (किशमिश, खुबानी) सेम, दाल, आलू, पालक, ब्रोकली और एवोकाडो के सेवन से शरीर के लिए आसानी से पोटैशियम की पूर्ति की जा सकती है। डेयरी उत्पाद और हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन से आसानी से ये पोषक तत्व प्राप्त हो सकता है।



# शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को दोबारा चढ़ाने से पहले जान लीजिए नियमों को



बेलपत्र जिसके बिना शिव पूजा अधूरी मानी गई है। हर जगह बेलपत्र आसानी से नहीं मिल पाता है, खासकर शहरों में, बहुत से लोग बेलपत्र मिलने पर इकट्ठा कर उसे फ्रिज में लंबे समय से स्टोर करते हैं। ऐसे भी बहुत लोग हैं, जिन्हें बेलपत्र नहीं मिले वो क्या करें?

आचार्य शिवम पाठक ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार बेलपत्र के तीनों पत्तों में ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन त्रिदेव का वास होता है और बेलपत्र का कण-कण पवित्र पते में से एक है। इसलिए इस दिव्य और दैवीय पत्र को भगवान शिव में एक या दो नहीं बल्कि हजार बार भी चढ़ाकर फिर से चढ़ाया जा सकता है।

### चढ़े हुए बेलपत्र को कैसे चढ़ाएं?

शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को यदि दोबारा चढ़ाना चाह रहे हैं, तो उसे शिवलिंगसे सम्मानपूर्वक उतारकर शुद्ध पानी में धो लें और उसके तीनों पत्तों में चंदन कुमकुम का टीका लगाएं। आप चाहें, तो सीताराम भी लिख सकते हैं और प्रेमपुर्वक शिवलिंग में बेलपत्र को चढ़ाएं।

शिवलिंग पर कितना बेलपत्र चढ़ाना चाहिए?

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने की विधि के अलावा लोगों के मन में यह भी सवाल आता है कि आखिर कितनी बेलपत्रशिवजी को चढ़ाना चाहिए। बता दें कि आपके पास जितना भी बेलपत्र हो उतना चढ़ा सकते हैं, लेकिन एक, तीन, पांच, सात और ग्यारह के क्रम में बेलपत्र चढ़ाते हैं, तो ज्यादा अच्छा है।

### बेलपत्र कब तक बासी नहीं होता?

बेलपत्र वो शुद्ध और पवित्र पत्ता है, जो कभी मलीन और बासी नहीं होता है। शिवपुराण के अनुसार जब तक बेलपत्र हरा भरा है और कहीं से कटा-फटा नहीं है, तब तक वह शिव जी को चढ़ाने लायक है। बेलपत्र को शिवजी में चढ़ाने के बाद शाम के वक्त उतार लें और साफ पानी से धोकर उसे फ्रिज में पॉलीथिन में रखकर स्टोर करें और दूसरे दिन गंगा जल छिड़ककर या पानी से धोकर चंदन कुमकुम लगाकर शिव जी को अर्पित करें।



## हर महीने आते ही उड़ जाती है सैलरी तो इन उपायों से कीजिए जरूरी बचत

आज के इस महंगाई के दौर में खर्च मैनेज कर पैसों की बचत करना काफी मुश्किल टास्क है। हमारे हर महीने की कमाई से ज्यादा तो पैसे खर्च हो जाते हैं। कई बार खर्च का लेवल इतना बढ़ जाता है कि सैलरी आते ही कुछ ही दिनों में सारे पैसे खत्म हो जाते हैं। यही नहीं कभी-कभी तो हमें दूसरों से कर्ज लेने की भी जरुरत पड़ जाती है। ऐसे में जरुरी है कि आप अपने फिजूलखर्ची हैबिट्ट को कंट्रोल करें और बचत को अहमियत दें। आर्थिक मामलों के जानकार सूरज सिंह गुर्जर बता रहे हैं मनी सेविंग और एक्स्ट्रा एक्पेंस को रोकने का सही तरीका।

### महीने की शुरुआत में बनाएं बजट



महीने की शुरुआत में बजट तैयार करने की आदत बनाएं। इससे आपको अधिक बचत करने में मदद मिलेगी और आप ज्यादा से ज्यादा सेविंग भी कर पाएंगे।

### 10-20% करें मार्केट में निवेश

एक्सपर्ट सूरज सिंह गुर्जर के अनुसार, पैसों की बचत करने का सबसे सही तरीका है मार्केट में निवेश करना। अगर आप अपनी सैलरी का 10-20% कहीं इंवेस्ट करते हैं तो ये पैसे आपको आगे काम ही आएंगे और फिजूलखर्ची हैबिट से भी छुटकारा मिलेगा।

### म्यूचुअल फंड शुरू करें

म्यूचुअल फंड शुरू कर भी आप अपने एक्स्ट्रा एक्सपेंस को कम कर सकते हैं। यहां हर महीने अपने आप खाते से पैसे कट हो जाएंगे। इससे लंबे समय तक पैसे सेव रहेंगे और खर्च में भी सुधार आएगा।

### शॉपिंग पर करें कंट्रोल

आज कल ऑनलाइन सुविधा हो जाने से हम कभी कुछ भी ऑर्डर कर लेते हैं। लेकिन, इससे बचने की जरुरत है। कोशिश करें कि जो काम की चीज हो, उसी की खरीदारी(वर्क फ्रॉम होम जॉब टिप्स) करें। इस हैबिट से पैसों की बचत करने में मदद मिलेगी।

### शेयर बाजार की तकनीक सीखें

फालतू इधर-उधर खर्च करने से अच्छा है कि आप अपना पैसा और समय शेयर मार्केट को सीखने में लगाएं। इसे सीखकर आप इंवेस्टमेंट के बाद अच्छी रकम हासिल कर सकते हैं। इससे बेमतलब की चीजों पर खर्च करने से बच सकते हैं और आपको कर्ज लेने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी।




## ट्राइबल गेम्स के लिए खेल अकादमी के 32 खिलाड़ी



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्तर की खेलो इंडिया नेशनल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुई है। आगामी फरवरी में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कुश्ती, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक, तीरंदाजी, तैराकी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कबड्डी एवं मलखम्ब को प्रदर्शनी खेल के रूप में सम्मिलित किया गया है। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 06 से 08 जनवरी को रायपुर एवं बिलासपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राज्य दल के खिलाड़ियों की चयन सूची जारी हो चुकी है, जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमी के खिलाड़ी भी राज्य दल के चयनित हुए है। फुटबॉल बालिका अकादमी रायपुर से किरण पिस्दा (बालोद), निधि लकड़ा (जशपुर), माड़वी पूजा (सुकमा), शारदा प्रधानी (सुकमा), राशि पोयाम (कोण्डागांव), हॉकी अकादमी रायपुर से मनीष वटी (बस्तर), एथलेटिक अकादमी रायपुर से सिद्धार्थ नागेश (जशपुर), बिरजु राम मंडावी (कोण्डागांव), किरण धुरव (बलौदाबाजार) एवं तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर से चांदनी मरकाम (धमतरी), खिलेश भद्रे (कोण्डागांव) इस प्रकार खेल अकादमी के 11 खिलाड़ी खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के लिए चयनित हुए। आवासीय हॉकी अकादमी बिलासपुर से स्मिता कुजूर (जशपुर), दामिनी खुर्रो (कबीरधाम), रिया खलखो (जशपुर), मधु सिदार (जशपुर), एस्टिमा (जशपुर), शोभिता (कोण्डागांव), राहुल कुमार (गरियाबंद), अश्विन कुजूर (जशपुर), संदीप कुमार (राजनांदगांव), जितू हेमला (बीजापुर), विवेक बेक (जशपुर), निशांत तिर्की (जशपुर), सुमित मींज (जशपुर), प्रिंस भगत (जशपुर), अविनाश एक्का (जशपुर) और रोबित एक्का (जशपुर) शामिल हैं। इसी तरह आवासीय तीरंदाजी अकादमी बिलासुपर से अभिलाष राज (बिलासपुर), आकाश राज सोर्थे (बिलासपुर), देवेन्द्र कुमार (बिलासपुर) एवं एथलेटिक अकादमी बिलासपुर से गजेन्द्र ठाकुर (रायपुर) चयनित हुए हैं।

## प्रियांशु ने लगाई हैट्रिक और राज रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन एकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर 13 एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रोमांचक मुकाबले हुए। टीम यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा के विरुद्ध क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 10 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा ने नौ विकेट पर 118 रन बनाए। जिसमें शौर्य ने 36 रन बनाए। अर्जुन अरोरा ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के प्रियांश यदु ने तीन विकेट( हैट्रिक) लिए। पीयूष ने दो विकेट और राजवीर सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने बिना कोई विकेट खोए 120 रन बनाए। राजवीर सिंह ने नॉट आउट 44 रन और अक्षत डोंगरे ने नॉट आउट 40 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच राजवीर सिंह को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं 16 वर्ग के चयनकर्ता परमजीत सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज प्रियांश यदु को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं 16 वर्ग के मुख्य कोच बिभाष सिन्हा के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं आलोक जांगड़े, स्कोरर पल्लवी एवं विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर शांतनु घोष और पुहुप सिंह सहित खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## अंडर-19 में मुकाबले जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दूसरे दिन रोचक मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर की टीम पहली पारी 296 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी 66 रन बनाए। अगमजोत सिंह ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के धनंजय नायक ने 5 विकेट और सक्षम चौबे ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम दूसरी पारी में 69 रन पर आउट हो गई। आदित्य श्रीवास्तव ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के मोहम्मद फैज खान ने 5 विकेट, सागर निषाद ने 3 विकेट और वेदांत जैन ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी एक विकेट पर 69 रन बनाए। तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 53 रन और अथर्व तिवारी ने नॉट आउट 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के सक्षम चौबे एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी में 66 रन पर आउट हुई।



## थर्ड ऑल इंडिया पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ की टीम

भिलाई। उत्तराखंड पेंचाक सिलाट संघ एवं भारतीय पेंचाक सिलाट महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में उत्तराखंड के देहरादून में स्थित मल्टीपरपज इंदौर स्टेडियम परेड ग्राउंड में थर्ड ऑल इंडिया पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 15 महिला एवं 5 पुरुष खिलाड़ी, 2 कोच मैनेजर एवं दो राष्ट्रीय रेफरी सहित कुल 24 सदस्यों का दल उत्कल एक्सप्रेस से दल प्रबंधक शेख समीर के नेतृत्व में रवाना हुआ। महिला खिलाड़ियों में के.ज्योति, बी.एल्बिनी राव,रूमाना खान,ग्रेसी नायर, शाक्षी सिंह,यस्यास्वी सिंह, प्राची यादव,कंचन यादव, तपस्या जमलुकर,अल्फिशा शेख,डिंपल देशमुख,मेघा माहेश्वरी,ऋषिका साहू,तन्नू निषाद, पुरुष खिलाड़ी वर्ग में मनीष निषाद, अमन यादव, भारत कश्यप, इरफान अहमद, आयुष तुरकर, कोच शेख अरबाज अली, मैनेजर गोपाल यादव और नेशनल रेफेरी ममता पाण्डेय आदि शामिल है। ए.एक्का सहायक संचालक खेल एवं कल्याण विभाग, सुशील अमलेश जिला क्रीड़ा अधिकारी बिलासपुर, पेंचाक सिलाट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग,छत्तीसगढ़ हाकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़.एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ पीटीआई सुशील मिश्रा, पैरालंपिक तैराकी संघ के महासचिव सूरज यादव, बेसबॉल संघ के सह सचिव अख्तर खान,पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त सचिव एम.रत्नाकर ने खिलाडियों को सुभकामनाये दी है।

**कार्नर न्यूज**

## छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज़ फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप का भिलाई में

# राजनांदगांव के श्रेयांश व दुर्ग के यशद राज्य चैंपियन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज़ फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप भिलाई के अग्रसेन भवन में सम्पन्न हुई। पुरस्कार वितरण एवं समापन के मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय ( अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) थे। अध्यक्षता बंशी अग्रवाल (अध्यक्ष अग्रसेन जन कल्याण समिति) ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की उपाध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी किरण अग्रवाल व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे मंचासीन थे।

सर्वप्रथम राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य में शतरंज के स्तर को ऊंचाई तक ले जाना हमारा मुख्य ध्येय है। प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया व महासचिव विनोद राठी की पहल पर मार्च महीने में टीम चैंपियनशिप का आयोजन किया जाना है जिसमें भारत वर्ष से 50 टाइटल होल्डर खिलाड़ी शामिल होंगे। उक्त आयोजन छत्तीसगढ़ के शतरंज परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। देश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने और उन्हें निकट से देखने का अवसर राज्य के खिलाड़ियों को मिलेगा। मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा शतरंज और राजनीति—दोनों ही दूरदर्शिता, धैर्य और सही समय पर सही निर्णय की कला सिखाते हैं।

राज्य शतरंज चयन प्रतियोगिता में सांसद विजय बघेल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस दरमियान उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि हमारा राज्य शतरंज में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बंशी अग्रवाल ने कहा कि शतरंज बौद्धिक विकास के साथ-साथ धैर्य, दूरदर्शिता और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करता है—ये गुण न केवल खेल, बल्कि नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में भी अत्यंत आवश्यक है। खिलाड़ियों को बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व राजस्व आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय व समाज सेवी कैलाश जैन बरमेचा ने भी संबोधित किया।

इस चयन स्पर्धा के दोनों केटेगरी से शीर्ष के दो - दो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन हेतु आर्बिटर पैनल का गठन किया गया था जिसमें चीफ आर्बिटर के रूप में इंटरनेशन आर्बिटर अलंकार भिवगड़े व इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन व डिप्टी चीफ आर्बिटर में मुदिता पाण्डेय को रखा गया था। वहीं सेक्टर के दायित्व का निर्वहन अनिल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ दुर्ग के तुलसी सोनी ने तथा आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव ईश्वर राजपूत ने किया।

### यह रहे शह और मात के बाजीगर



रैपिड स्पर्धा में मुख्य पुरस्कार के तहत टॉप 10 विजेता खिलाड़ियों के नाम घोषित किए गए। इनमें पहला श्रेयांश डाकलिया (8अंक) 15000 व ट्रॉफी, दूसरा यशद बंबेश्वर दुर्ग (8 अंक) 11000 व ट्रॉफी, तीसरा निभिश प्रधान रायपुर (7.5 अंक) 7000 ट्रॉफी, चौथा अभिनव पाण्डेय बिलासपुर (7.5 अंक) 5000 व चेस लिटरेचर, पांचवां विवान राय (7अंक) 3000 व चेस लिटरेचर, छठवां हिमानी देवांगन दुर्ग (7 अंक) 2000 व चेस लिटरेचर, सातवां पलाश शर्मा दुर्ग ( 7 अंक) 1500 व चेस लिटरेचर, आठवां ईशान सैनी दुर्ग (7 अंक) 1500 व चेस लिटरेचर, नौवां दिबस कुमार बिस्वास दुर्ग ( 7अंक) 1500 व चेस लिटरेचर, दसवां प्रियांश साहू रायपुर ( 7 अंक ) 1500 व चेस लिटरेचर शामिल हैं। इसी तरह ब्लिट्ज स्पर्धा में मुख्य पुरस्कार के तहत टॉप 10 विजेता खिलाड़ियों के नाम घोषित किए गए। इनमें पहला यशद बंबेश्वर दुर्ग (8.5 अंक) 9000 व ट्रॉफी,दूसरा शुभांकर बामलिया रायपुर (7.5 अंक) 7000 व ट्रॉफी, तीसरा विवान रायपुर (7.5 अंक) 5000 व ट्रॉफी, चौथा अभिनव पाण्डेय बिलासपुर (7.5 अंक) 3000 व चेस लिटरेचर, पांचवां अभिनव सिंह राजपूत दुर्ग (7अंक) 2000 व चेस लिटरेचर, छठवां शिल्प कुमार घोड़ेश्वर दुर्ग (7 अंक) 1000 व चेस लिटरेचर, सातवां पूजन बोतुकु दुर्ग ( 7 अंक) 1000 व चेस लिटरेचर, आठवां श्रेयांश डाकलिया राजनांदगांव ( 7अंक) 1000 व चेस लिटरेचर, नौवां प्रियांशु साहू रायपुर (7 अंक) 1000 व चेस लिटरेचर और दसवां पलाश शर्मा ( 7 अंक ) 1000 व चेस लिटरेचर शामिल हैं।

लाइफ स्टाइल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ट्विलाइट' फेम स्टीवर्ट ने उठाए सवाल और फिल्म इंडस्ट्री की खोली पोल



बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। वैरायटी के अनुसार, हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकता है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों द्वारा फैलाई गई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में महिलाओं की स्थिति पर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा सेट पर एक्टिंग शुरू होने से पहले एक आम बात होती है। अगर अभिनेता अपनी कमजोरी को छिपाकर, कैमरे के सामने रोने से पहले सीना पीटते हुए एक गोरिल्ला की तरह व्यवहार कर सकते हैं, तो यह थोड़ा कम शर्मनाक लगता है।

### टॉलीवुड

## विजय की वीडी 14 का टाइटल आया सामने, 'रणबाली' में दिखेंगी रश्मिका



विजय देवरकोंडा की पैन-इंडिया फिल्म वीडी 14 का टाइटल जाहिर हो गया है। इसका नाम 'रणबाली' है। इस फिल्म में विजय के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। इसकी खास झलक देखकर विजय और रश्मिका के फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 19वीं सदी के भारत पर आधारित है और असली ऐतिहासिक घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में मुख्य भूमिका में विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना हैं। मेकर्स ने इस फिल्म से विजय की एक खास झलक भी शेयर की है। इसकी झलक में साफ तौर पर ब्रिटिश राज के समय भारत पर हुए अत्याचार, सूखा पैदा करने वाली नीतियां और बड़े पैमाने पर शोषण दिखाया गया है। यह फिल्म ब्रिटिश काल की क्रूरता और एक हीरो की कहानी को दिखाएगी। 'रणबाली' पैन-इंडिया फिल्म है, जो बहुत बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म के निर्देशक राहुल सांकृत्यायन हैं, जो पहले विजय के साथ 'टैक्सीवाला' में काम कर चुके हैं। यह विजय और माइथ्री मूवी मेकर्स की तीसरी फिल्म है (इससे पहले दोनों ने 'डियर कॉमरेड' और 'खुशी' में साथ काम किया था)। फिल्म का संगीत प्रसिद्ध जोड़ी अजय-अतुल ने दिया है। खलनायक के रोल में आर्नोल्ड वॉसलू (सर थियोडोर हेक्टर के किरदार में) नजर आएंगे। यह फिल्म 11 सितंबर 2026 को दुनिया भर में रिलीज होगी। इस फिल्म से पहले विजय और रश्मिका की जोड़ी 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' के बाद फिर से एक साथ दिखेगी, जिससे फैंस बहुत उत्साहित हैं। यूट्यूब पर 'रणबाली' की इस झलक को 1 घंटे के अंदर 2 लाख से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। वहीं यूजर्स भी विजय और रश्मिका की इस फिल्म को लेकर कई कमेंट्स कर रहे हैं। खाततौर पर यूजर्स रश्मिका और विजय की जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं। एक यूजर ने लिखा, 'विजय देवरकोंडा सर, मैं आपका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

### भोजपुरी

## पैर छूने वाली बात पर खेसारी ने रवि किशन को कहा- मेरे बाप मत बनिए



भोजपुरी स्टार्स पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बीच तनातनी रहती है। पर रवि किशन भी बीते दिनों बहती गंगा में हाथ धोते दिखे, उन्होंने भी खेसारी पर निशाना साधा था। अब खेसारी ने बिना नाम लिए रवि किशन और पवन सिंह दोनों को करारा जवाब दिया है। उनका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बीते दिनों गोरखपुर महोत्सव में रवि किशन और पवन सिंह स्टेज पर एकसाथ दिखे थे। रवि किशन ने पवन की तारीफ करते हुए खेसारी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पवन सिंह छोटा भाई है। इंडस्ट्री में चाहे कुछ भी बदल जाए, लेकिन पवन के लिए उनका प्यार कभी नहीं बदलेगा। कुछ लोग समय के साथ रंग बदलते हैं, लेकिन पवन जैसा था, वैसा ही है। इसके बाद रवि किशन ने भोजपुरी भाषा में कहा, 'पहले दोनों हाथे गोड़, फिर ठेहुना, फिर दुआ सलाम... बस ई पवन सिंह ना बदलने। इनका खातिर ढाल बनकर खड़ा रहब।' उन्होंने बिना नाम लिए खेसारी पर तंज कसते हुए कहा था कि जरा सी फिल्म चल जाए, गाना चल जाए तो टेढ़ा चलने लगा। पहले दोनों पैर छूता था। फिर घुटना छूने लगा। इसके आगे का नहीं बोलेंगे।

अब खेसारी ने भी अपने एक प्रोग्राम में करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, 'देखिए, हमारे यहां एक बहुत बड़े आर्टिस्ट हैं, बड़े भाई हैं, जिनका नाम रवि किशन जी है। एक शब्द बताऊं मैं आप सभी को? हमें घेरने की, हमें बदनाम करने की हर रोज तैयारी होती है, महफिल तुम्हारी होती है, लेकिन चर्चा हमारी होती है।

## इलेक्ट्रिक ब्लूज

फैशन मैगजीन पैंटोन ने भले ही साल का रंग क्लाउड डांसर बताया हो, लेकिन रनवे 2026 में एक ज्यादा बोल्ड रंग के हावी होने का संकेत दे रहे हैं। इसमें भी इलेक्ट्रिक ब्लूज को तरजीह दी जा रही है। यह बोल्ड रंग, जो सबसे ज़्यादा '60 के दशक के कलाकार यवेस क्लेन से जुड़ा है, फैशन की दुनिया के लिए नया नहीं है। लेकिन अब यह वापस आया है ज़ोरदार तरीके से। इलेक्ट्रिक ब्लू नए दौर में तेजी से ट्रेंडिंग कर रहा है। फैशन शो में इसकी डिमांड बढ़ी है।





## सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को करें स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत



सिल्क साड़ी पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि साड़ी के साथ कुछ नए तरीके के डिजाइन के ब्लाउज ही अच्छे लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम भी कुछ नया ट्राई कर पाते हैं। ऐसे में आप इस बार सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को ट्राई करें। इससे सिल्क साड़ी ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।





### स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन

इस तरह के ब्लाउज से आप अपने सिल्क साड़ी लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप स्टाइलिश डोरी वाले ब्लाउज को डिजाइन करवाएं। आप इसके लिए स्पाइरल डिजाइन वाली डोरी के ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं वरना आप सिंपल डोरी के साथ हाई नेक डिजाइन के ब्लाउज में क्रिएट कर सकती हैं। यह भी काफी अच्छा लगता है। इस तरीके के ब्लाउज को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बो डिजाइन बनाएं। इस तरीके से आपका ब्लाउज सुंदर नजर आएगा।

### डबल डोरी ब्लाउज डिजाइन

अगर आपको कुछ अलग हटके ट्राई करना है तो इसके लिए आप डबल स्ट्रैपी वाले ब्लाउज को स्टाइल कर (ब्लाउज डिजाइन) सकती हैं। इसमें एक ऊपक की तरह डोरी लगाई जाएगी। फिर नीचे की तरफ डोरी को लगाया जाएगा। इसके बाद ही यह ब्लाउज अच्छा लगेगा। इसमें आप चाहे तो पीछे बैकलेस डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इससे ये ब्लाउज और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा। सिल्क साड़ी के साथ अच्छा भी लगेगा।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

हैवी सिल्क साड़ी अगर आप वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप स्टाइलिश ब्रालेट ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। आपके लुक (लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन) को खास बनाने के लिए ये बेस्ट है।

## काजल लगाते समय न करें ये गलतियां, जानें तरीका



मेकअप करने की सही तकनीक को समझकर ही आपको किसी भी तरह का लुक चेहरे पर क्रिएट करना चाहिए। वहीं किसी भी मेकअप लुक को ट्राई करने से पहले आप 2 से 3 बार प्रैक्टिस जरूर कर लें। आंखों में काजल लगाने का भी एक तरीका होता है और कई बार हम इन बातों को नजरअंदाज कर देते हैं और इसी कारण अपनी आंखों पर लगे काजल को बिगाड़ लेते हैं।

किसी भी तरह का मेकअप करने से पहले आपको आंखों की शेप और साइज को समझना बेहद जरूरी होता है। हर व्यक्ति की आंखें अलग तरह की होती हैं। बता दें कि बड़ी आंखों पर आप ब्रॉड ब्लैक काजल लगा सकती हैं, लेकिन अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो आप आंखों की वाटर लाइन में व्हाइट कलर के काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। छोटी आंखें हैं तो आप व्हाइट काजल का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें अन्यथा आपकी आंखें और भी ज्यादा छोटी नजर आने लग जाएंगी। आंखों पर ब्रॉड और गहरा काजल खूबसूरत नजर आता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि हर तरह की आंखों पर इस तरह का गहरा काजल सूट करें। वहीं गहरे काजल को लगाने के चक्कर में हम एक के ऊपर एक काजल की लेयर लगाते रहते हैं। बता दें कि ये न केवल आपकी आंखों के लुक को बिगाड़ देगा बल्कि ज्यादा मात्रा में प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से आपकी आंखों में न जाने कितने ही तरह के आई इन्फेक्शन हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारी आंखें बेहद नाजुक होती हैं और इनका ध्यान रखा जाना भी बेहद जरूरी होता है।

आजकल काजल के आपको न जाने कितने ही अलग-अलग वैरायटी के शेड मिल जाएंगे। वहीं हम इन शेड को केवल तस्वीरों में देखकर मंगवा लेते हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि चुना गया काजल का शेड आपकी आंखों पर खूबसूरत नजर आए। ऐसा इसलिए क्योंकि हर स्किन का टेक्सचर और टोन अलग होता है, जिसके कारण हर स्किन के लिए आपको काजल चुनते समय स्किन के कलर का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपके चेहरे पर काजल का शेड आकर्षक नजर आए।

## कुर्ती को इन तरीकों से करेंगी स्टाइल तो ठंड में भी दिखेंगी बेहद स्टाइलिश



कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन स्टोर्स तक में आसानी से नजर आ जाएंगे। इन्हें स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन ज्यादातर इन कुर्तियों को गर्मी के मौसम में पहना जाता है। सर्दी के मौसम में कुर्ती को स्टाइल करने के लिए और ठंड से भी बचने के लिए आप कुर्ती को अन्य कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। कुर्ती को स्टाइल करने का आसान तरीका आपको जानना चाहिए, जिससे सर्दी के मौसम में आपका लुक सबसे आकर्षक नजर आए।

### ठंड के साथ कुर्ती को स्टाइल करने का तरीका

चिकनकारी से लेकर प्लेन कुर्ती को आप ओवरकोट या लेदर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टाइलिंग आपको पॉवर लुक देने में मदद करेगा। आप चाहे तो इस तरह के लुक मोटे फैब्रिक वाली डेनिम जैकेट को भी पहन सकती हैं। वहीं अगर आप कोट या जैकेट को नहीं पहनना चाहती हैं तो कुर्ती के अंदर हाई नेक टॉप भी पहन सकती हैं ताकि ठंड में आप स्टाइलिश नजर आए।

### लॉन्ग जैकेट के साथ कैसे करें स्टाइल?

कुर्ती के साथ चाहे तो कलर कॉम्बिनेशन और लुक को ध्यान में रखकर आप कस्टमाइज जैकेट भी सिल्वा सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो डबल स्टाइल कुर्ती को पहन सकती हैं। इस तरह की जैकेट बनवाने के लिए आप वूलेन में काफी तरह के फैब्रिक का चुनाव कर सकती हैं। अगर आप नई कुर्ती खरीदने या सिलवाने का सोच रही हैं इसके लिए फैब्रिक का खासतौर से ख्याल रखें।

## कोरियन हेयरस्टाइल से ट्रेंडी लगेगा लुक

अगर आप शादी या पार्टी में जाने के लिए स्टाइलिश हेयरस्टाइल तलाश रहे हैं, तो कोरियन ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। जी हां, हम आपके साथ कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जिन्हें फंक्शन में ट्राई किया जा सकता है।

अगर आप भी कोरियन ड्रामा देखने के शौकीन हैं, तो यकीनन कोरियन एक्ट्रेस के ड्रेसिंग सेंस और हेयर स्टाइल से जरूर इंस्पायर्ड होंगे। तो क्यों ना अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए कोरियन हेयरस्टाइल फॉलो किया जाए? जी हां, आपने सही सुना कोरियन हेयरस्टाइल, जिन्हें बनाना भी आसान है और इसे बनाने में बहुत कम मेहनत और समय भी लगता है।

अगर आप यह खुद के लिए न कर सके, तो अपने घर की दूसरी महिलाओं के बालों में तो आसानी से बना सकती हैं। इस तरह आपका पार्लर जानें का खर्चा भी बच जाएगा और आपका काम भी हो जाएगा।

### रिबन हेयरस्टाइल

बन हेयरस्टाइल बहुत ही कॉमन और पारंपरिक हेयर स्टाइल है। इसका ट्रेंड न सिर्फ भारत में बल्कि कोरिया में भी फेमस है, जिसे रिबन लगाकर बनाया जाता है। इसमें बालों को पिंच करके एक जूड़ा बनाया जाता है और उसके साथ सुंदर पैटर्न में, एक खूबसूरत रंग के रिबन से जुड़े को सजाया जाता है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको ये टिप्स अपनाने होंगे।



### कैसे बनाएं?

लो बन बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों की ऑफ सेंटर पार्टिंग करनी होगी। आप पार्टिंग अपने फेस के हिसाब से पार्टिंग कर सकते हैं। आप बीच या फिर साइड की पार्टिंग कर सकती हैं। बेहतर होगा कि आप अपने बालों को स्ट्रेट भी कर सकती हैं। अब अपने बालों को स्ट्रेट करें और पीछे की तरफ ले जाएं। फिर बालों को रोल करें और स्कैल्प के सेंटर में जाकर पिंस से टक कर लें।

कार्नर न्यूज

### बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना आसान काम नहीं

## यंग दिखने के लिए पुरुष अक्सर करते हैं ये फैशन मिस्टेक्स, खुद गलती करने से बचिए

बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना पुरुषों के लिए चैलेंजिंग होते जाता है। अपनी उम्र को कम दिखाने के लिए पुरुष जवां दिनों के स्टाइल को ही फॉलो करने लगते हैं, जिसकी वजह से उनकी स्टाइल बिगड़ने लगती है।

वे उसी कलर और स्टाइल की ड्रेस पहनने लगते हैं। इसी चक्कर में वे फैशन मिस्टेक्स कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि हमें कैसे स्नीकर्स/जूते,जींस या पैंट,टी-शर्ट या शर्ट आदि में से क्या पहनना सही होगा?

यदि आप खुद को इस तरह की गलतियों से बचकर स्टाइल को मेंटेन रखना चाहते हैं तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स को फॉलो करें।

परफेक्ट जींस चुनने में गलती

अपने लिए परफेक्ट जींस चुनना यंग एज के लिए मुश्किल काम नहीं है क्योंकि रिप्ड से लेकर ओवरसाइज स्टाइल की जींस पहन सकते हैं। मगर जब उम्र ढलने लगे तब किसी भी प्रकार की स्टाइल की जींस नहीं पहन सकते हैं। कई बार अधिक उम्र वाले पुरुष बहुत अधिक लूज जींस पहनने लगते हैं। जबकि



यह गलत सिलेक्शन है।

### कैसी जींस पहनें?

जिन पुरुषों की उम्र अधिक हो उनको ओवरसाइज जींस नहीं पहननी चाहिए। ये उनकी पर्सनैलिटी को बिगाड़ती है। उन्हें लूज फिट जींस पहननी चाहिए। साथ ही रिप्ड जींस भी पहनने से बचना चाहिए।

### शर्ट्स चुनने में गलती

ऐसे पुरुषों पर हर स्टाइल की शर्ट्स फिट नहीं बैठती हैं। आपको इस बात को समझने की जरूरत है। खासकर फ्लोरल या डिजाइनदार शर्ट्स को पहनने से बचना चाहिए। फ्लोरल प्रिंट जवां पुरुष के लुक को ही निखारने का काम करता है। लेकिन किसी अधिक उम्र वाले पुरुष के लुक को बिगाड़ने का काम करती है।

### कैसी शर्ट पहनें?

अगर आपकी उम्र अधिक है और शर्ट चुनने में परेशानी हो रही है तो यहां एक बात समझ लें। फ्लोरल शर्ट को पहनने से बचें। उसकी सॉलिड शर्ट्स या डेनिम शर्ट्स पहन सकते हैं। इससे पर्सनैलिटी निखरी हुई दिखाई देगी।

### जूते चुनने में गलती

एक स्टाइलिश मैन को बढ़ती उम्र के साथ जूते चुनने में भी काफी दिक्कत होती है। वे स्नीकर्स और कैनवास शूज के साथ दोस्ती तोड़ नहीं पाते हैं। इसी वजह से फंकी स्नीकर्स पहने दिखाई देते हैं। ये भले ही आरामदेह हो लेकिन उम्र के हिसाब से स्टाइल सही नहीं है।

### कैसे जूते पहनें?

लेदर शूज ऐसी उम्र में बहुत सही लगते हैं। खासकर लेदर के लोफर्स या स्लीपर्स पहनें। इससे स्टाइल बरकरार रहेगी। लेकिन फंकी शूज को खुद के पैरों से दूर कर दें ताकि आपकी स्टाइलिश जिंदगी चलती रहे।

### मोजे पहनने की गलती

मोजे पहनने की गलती जवानी के दिनों से ही अधिकतर पुरुष करते आ रहे हैं। जूतों के हिसाब से सही मोजे चुनने चाहिए। इसके लिए आपको सॉक्स सिलेक्शन करना आना चाहिए। मगर बढ़ती उम्र में रंग-बिरंगे मोजे न पहनें।

